इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

APEX SUPER SPECIALITY HOSPITAL
कैंसर का संपूर्ण ईलाज
राजनांदगांव का एक मात्र सबसे क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल, छत्तीसगढ़ के सबसे अनुभवी डॉक्टरों के द्वारा...
07744459998, 6261925061, 9424152124, 8269099654
infront of Radhaswami Satsang Hall, Dongargaon Road, Basantpur, Rajnandgaon (C.G.)

वर्ष- 44 | अंक - 210 | राजनांदगांव, बुधवार 18 जून 2025 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए




# 6 फ्लाइट में तकनीकी खराबी, 2 में बम ब्लास्ट की धमकी; 72 घंटे में 9 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें प्रभावित

नई दिल्ली। भारत की प्रमुख एयरलाइंस कंपनियों एयर इंडिया और इंडिगो को बीते कुछ दिनों में तकनीकी खामियों और सुरक्षा संबंधी अलर्ट का सामना करना पड़ रहा है। इससे न सिर्फ यात्रियों को परेशान होना पड़ता है, बल्कि देश की विमानन सुरक्षा पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। पिछले तीन दिन में 9 फ्लाइट्स प्रभावित हुईं। 6 में तकनीकी खराबी और 2 फ्लाइट बम ब्लास्ट की धमकी के चलते प्रभावित हुईं। जबकि, 1 में AC (एयर कंडीशन) बंद होने से यात्रियों को परेशान होना पड़ा।

### अहमदाबाद-लंदन फ्लाइट एआई-159 रद्द

अहमदाबाद से लंदन जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-159 मंगलवार को तकनीकी खराबी के चलते रद्द करनी पड़ी। अहमदाबाद एयरपोर्ट में 12 जून को प्लेन हादसे के बाद इस खबर से यात्रियों में हड़कंप मच गया। यात्री प्रतीक पंड्या ने नाराज़गी जताई। कहा, 250 लोगों को आखिरी वक्त में बताया गया कि फ्लाइट रद्द है। रहने-खाने की कोई व्यवस्था नहीं है। हम लोग कहां जाएं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)




### मस्कट-दिल्ली फ्लाइट की नागपुर में इमरजेंसी लैंडिंग

इंडिगो की अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट को भी बम की धमकी के कारण नागपुर एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। यह फ्लाइट मस्कट से कोच्चि होते हुए दिल्ली जा रही थी। नागपुर पुलिस ने गहन जांच पड़ताल की, लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। 16 और 15 जून को 4 अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट्स तकनीकी खामी या बम धमकी के कारण वापस लौटाई गईं। इनमें से लंदन, फ्रैंकफर्ट, हॉन्गकॉन्ग और चेन्नई से जुड़ी उड़ानें शामिल हैं। दुबई से जयपुर आ रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट IX-196 में यात्री बिना AC के 5 घंटे बैठे रहे। यात्रियों ने सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर आक्रोश जताया है।

### विमान सुरक्षा पर ध्यान दें, उड़ान संचालन को सख्त करें, डीजीसीए ने एअर इंडिया के सीईओ को दिए कड़े निर्देश

अहमदाबाद में लंदन जा रही फ्लाइट एआई 171 के क्रैश होने के बाद देश की विमानन नियामक संस्था DGCA (नागरिक उड्डयन महानिदेशालय) ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एअर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस के शीर्ष प्रबंधन के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की. इस बैठक में DGCA ने एअर इंडिया के CEO कैंपबेल विल्सन से सीधे बात की और कंपनी के संचालन से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर फोकस करने के निर्देश दिए. DGCA ने एअर इंडिया से खासतौर पर विमान सुरक्षा और मेंटेनेंस पर पूरा ध्यान केंद्रित करने को कहा है. नियामक ने कहा है कि किसी भी तकनीकी खामी को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता और हर विमान को उड़ान से पहले कड़े सुरक्षा मानकों पर खरा उतरना चाहिए. उड़ानों के संचालन को और अधिक (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# ईरान ने इजरायल पर 370 मिसाइलों से किया बड़ा जवाबी हमला, 24 लोगों की मौत और 500 घायल

नई दिल्ली। ईरान ने मंगलवार को इजरायल पर बड़ा जवाबी हमला बोला है। ईरानी सेना की ओर से इजरायली खुफिया एजेंसी मोसाद के हेडक्वार्टर समेत अन्य अहम ठिकानों पर बड़ा हमला किया गया। ईरान की ओर से किए गए इस जवाबी हमले के दौरान इजरायल पर 370 से ज़्यादा मिसाइलें और सैकड़ों ड्रोन दागे गए। ईरान के हमलों में अब तक इजरायल में 24 लोग मारे गए हैं और 500 से ज़्यादा घायल हुए हैं। ईरान ने यह कार्रवाई अपने आर्मी चीफ अली शादमानी की इजरायल द्वारा हत्या किए जाने के बाद की है। यह इजरायल पर ईरान का अब तक का सबसे बड़ा हमला है।



### उत्तरी इजरायल में कई जगह हुए हमले

इजरायली सेना ने कहा कि मंगलवार को फिर से तेहरान ने उत्तरी इजरायल पर मिसाइलों से हमला किया, जिससे विस्फोटों की आवाजें सुनीं गयी। उधर, ईरान की राजधानी में दुकानें बंद हैं और गैस के लिए कतारें लगी हैं। तेहरान का मुख्य इलाका मंगलवार सुबह से ही खाली होने लगा और कई दुकानें बंद रहीं। शहर का प्राचीन 'ग्रैंड बाज़ार' भी बंद रहा। ऐसा पहले सिर्फ़ सरकार विरोधी प्रदर्शनों या कोरोना वायरस महामारी के चरम पर रहने के दौरान ही हुआ था। तेहरान से पश्चिम की ओर जाने वाली सड़कों पर यातायात जाम की स्थिति देखी गई। कई लोग कैस्पियन सागर क्षेत्र की ओर जाते दिखाई दिए। इजरायल की जवाबी कार्रवाई की को देखते हुए इधर तेहरान में पेट्रोल पंपों पर भी लंबी कतारें देखी गईं। संघर्ष जारी रहने के बीच प्राधिकारियों ने चिकित्सकों और नर्स की छुट्टियां रद्द कर दी हैं। ईरान सरकार के अधिकारी लगातार इस बात पर जोर दे रहे हैं कि सब कुछ नियंत्रण में है और उन्होंने (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# सद्दाम हुसैन जैसा हो सकता है खामनेई का अंजाम, इस्राइली रक्षा मंत्री ने दी चेतावनी

तेल अवीव। इस्राइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच इस्राइली रक्षा मंत्री इस्राइल काट्ज ने ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अगर खामनेई ने इस्राइल विरोधी रवैया नहीं छोड़ा, तो उनका अंजाम भी इराक के तानाशाह सद्दाम हुसैन जैसा हो सकता है।



इस्राइल काट्ज ने एक समाचार एजेंसी को दिए बयान में कहा, याद रखो उस तानाशाह का अंजाम जो ईरान के पड़ोसी देश में था और जिसने इस्राइल के खिलाफ यही रास्ता अपनाया था। यह बयान सीधे तौर पर अयातुल्ला अली खामनेई को एक व्यक्तिगत चेतावनी है और यह भी इशारा करता है कि अगर ईरान अपनी नीतियों पर अड़ा रहा, तो वहां सत्ता परिवर्तन भी हो सकता है। सद्दाम हुसैन ने 1991 की खाड़ी युद्ध के दौरान इस्राइल पर स्कड मिसाइलें दागी थीं, ताकि अमेरिका के नेतृत्व वाले गठबंधन को कमजोर किया जा सके। हालांकि, अमेरिका के दबाव में इस्राइल ने पलटवार नहीं किया था। 2003 में अमेरिका ने इराक पर हमला किया, जिसके बाद सद्दाम को पकड़ लिया गया और बाद में 2006 में फांसी दे दी गई। उनका शासन तानाशाही, युद्ध और अंतरराष्ट्रीय कानूनों के उल्लंघन से भरा था। इस्राइल का कहना है कि खामनेई भी इसी रास्ते पर चल रहे हैं। इस्राइल का कहना है कि खामनेई की सरकार नियंत्रण से ज्यादा यूरेनियम जुटा रही है, जिससे ईरान एक न्यूक्लियर ताकत बन सकता है। इस्राइल इसे अपने अस्तित्व के लिए खतरा मानता है और बार-बार अंतरराष्ट्रीय समुदाय को चेतावनी देता रहा (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# नक्सलियों ने आत्मसमर्पित नक्सली नेता के परिवार के तीन लोगों को उतारा मौत के घाट

कुछ ग्रामीण किए अगवा

बीजापुर। बीजापुर में एक बार फिर नक्सलियों ने अपनी कायराना करतूत को अंजाम दिया है। यहां गंगालुर इलाके के पेद्दाकोरमा गांव में मंगलवार की शाम नक्सलियों ने एक आत्मसमर्पित नक्सली नेता के परिजनों समेत तीन ग्रामीणों की निर्मम हत्या कर दी। इस नृशंस घटना को नक्सली वेल्ला के नेतृत्व में अंजाम दिया गया, जो क्षेत्र में कुख्यात नाम माना जाता है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, मृतकों की पहचान झींगु मोडियम, सोमा मोडियम और छात्र अनिल माड़वी के रूप में हुई है। इनमें से दो पूर्व नक्सली और अब आत्मसमर्पण कर चुके दिनेश मोडियम के नजदीकी रिश्तेदार बताए जा रहे हैं। घटना में लगभग सात अन्य ग्रामीणों के साथ भी नक्सलियों ने बेरहमी से मारपीट की, जिनमें कई घायल हैं। इसके अलावा, नक्सलियों द्वारा कुछ ग्रामीणों को अगवा कर जंगल की ओर ले जाने की सूचना है। यह पूरी घटना मंगलवार को शाम करीब चार बजे अंजाम दी गई। हालांकि, खबर लिखे जाने तक इस घटना की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई थी।



# सड़क परिवहन और यातायात को सुरक्षित और सुगम बनाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता - सीएम साय

### मुख्यमंत्री ने परिवहन सुरक्षा बेड़े में शामिल 48 वाहनों को झंडी दिखाकर किया रवाना



रायपुर (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि हमारी सरकार सड़क परिवहन और यातायात को सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। परिवहन और यातायात सुरक्षा में लगे उड़नदस्ता दल को 48 नवीन वाहनों की तैनाती से दुर्घटनाओं में निश्चित रूप से कमी आएगी, यातायात सुगम होगा और लोगों में ट्रैफिक नियमों के पालन को लेकर जागरूकता बढ़ेगी। श्री साय आज अपने निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने इस मौके पर परिवहन विभाग के निरीक्षकों को इन वाहनों की चाबी सौंपी।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रदेश सरकार सड़क यातायात को सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। नवीन शासकीय वाहनों की मदद से परिवहन उड़नदस्ता दल नियमों का उल्लंघन करने वालों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करेगी। उड़नदस्ता दल की कार्यक्षमता (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# मुख्यमंत्री श्री साय से छत्तीसगढ़ ओलम्पिक संघ के पदाधिकारियों ने की सौजन्य मुलाकात



रायपुर (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ ओलम्पिक संघ के पदाधिकारियों ने सौजन्य मुलाकात की और श्री साय को 23 जून को ओलम्पिक दिवस के मौके पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ ओलम्पिक संघ के महासचिव विक्रम सिसोदिया, प्रदेश वालीबॉल संघ अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, छत्तीसगढ़ ओलम्पिक संघ उपाध्यक्ष सुनील रामदास एवं संयुक्त सचिव प्रशांत रघुवंशी उपस्थित थे। इस दौरान छत्तीसगढ़ ओलम्पिक संघ के गतिविधियों के बारे में भी जानकारी दी गई। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय छत्तीसगढ़ ओलम्पिक संघ के प्रदेश अध्यक्ष है।

# जम्मू-कश्मीर सरकार का बड़ा फैसला; अमरनाथ यात्रा मार्ग पर 1 जुलाई से नहीं उड़ेंगे ड्रोन

नई दिल्ली। अमरनाथ यात्रा पर जाने वालों के लिए बड़ा अपडेट है। जम्मू-कश्मीर सरकार ने 3 जुलाई से शुरू हो रही यात्रा की सुरक्षा को लेकर बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने पहलगाम हमले को ध्यान में रखकर यात्रा मार्ग को नो फ्लाइंग जोन घोषित किया है। अमरनाथ यात्रा के पहलगाम और बालटाल वाले दोनों रास्तों पर सभी हवाई उपकरण-ड्रोन, यूएवी और गुब्बारे प्रतिबंधित रहेंगे। सरकार का यह फैसला 1 जुलाई से 10 अगस्त तक प्रभावी रहेगा। सरकार ने स्पष्ट किया है कि मेडिकल इवैक्युएशन, आपदा प्रबंधन और सुरक्षा बलों की तरफ से की जा रही निगरानी उड़ानों पर प्रतिबंध लागू नहीं होंगे।

### अमरनाथ यात्रा के दो रूट

अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू होगी और



9 अगस्त तक चलेगी। भगवान शिव की पवित्र गुफा तक पहुंचने के लिए दो प्रमुख रास्ते हैं। पहला पहलगाम रूट है।इस रास्ते से गुफा तक पहुंचने में लगभग तीन दिन लगते हैं। यात्रा की शुरुआत पहलगाम से होती है। पहला पड़ाव चंदनवाड़ी है। यहां से चढ़ाई शुरू होती है। 3 किलोमीटर की चढ़ाई के बाद यात्री पिस्सू टॉप पहुंचते हैं। फिर यहां से 9 किमी चलने के बाद शेषनाग पहुंचते हैं। फिर 14 किमी का सफर करने के बाद यात्री पंचतरणी जाते हैं। पंचतरणी से गुफा सिर्फ 6 किमी रह जाती है।

### बालटाल रूट संकरा रास्ता, खड़ी चढ़ाई

बालटाल से दूसरा रास्ता शुरू होता है। यह मार्ग अपेक्षाकृत छोटा है। एकदम खड़ी चढ़ाई है। बालटाल से गुफा तक की दूरी केवल 14 किलोमीटर है। रास्ता अधिक सीधा और खड़ी चढ़ाई वाला है। बुजुर्गों और शारीरिक रूप से कमजोर यात्रियों के लिए थोड़ा चुनौतीपूर्ण है। इस रूट पर रास्ते संकरे होते हैं और तेज मोड़ होने की वजह से सावधानी जरूरी है। जम्मू-कश्मीर सरकार ने अमरनाथ यात्रा के लिए सुरक्षा के विशेष इंतज़ाम किए हैं। यात्रा में सुरक्षा को और मजबूत (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# छग विस का मानसून सत्र 14 जुलाई से

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा मानसून सत्र की अधिसूचना जारी हो गई है। इस बार छत्तीसगढ़ विधानसभा का षष्टम् सत्र 14 जुलाई 2025 सोमवार से प्रारंभ होकर 18 जुलाई 2025 (शुक्रवार) तक रहेगा। बता दें कि इस बार के मानसून सत्र में केवल 5 बैठकें होंगी। विधानसभा सचिवालय द्वारा जारी आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है। विधानसभा सचिव दिनेश शर्मा द्वारा हस्ताक्षरित विज्ञप्ति के अनुसार, इस सत्र के दौरान कुल 5 बैठकें आयोजित की जाएंगी। इस बार के सत्र में वित्तीय कार्यों के साथ-साथ अन्य शासकीय कार्य भी संपादित किए जाएंगे। यह सत्र छत्तीसगढ़ की राजनीतिक गतिविधियों के लिहाज से भी अहम माना जा रहा है, क्योंकि सरकार को अपने विभिन्न कार्यों और योजनाओं को विधानसभा पटल पर प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। साथ ही विपक्ष को भी अपनी भूमिका निभाने का पूरा अवसर प्राप्त होगा। अनुमान लगाया जा रहा है कि मानसून सत्र के हंगामेदार होने के पूरे आसार हैं। आपको बता दें कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में बुधवार 18 जून 2025 को सवेरे 10.00 बजे राज्य मंत्रिपरिषद (कैबिनेट) की बैठक मुख्यमंत्री के निवास कार्यालय सिविल लाइन रायपुर में आयोजित होगी।

# ऑपरेशन सिंदूर पर पूर्व सेना प्रमुखों से चर्चा: सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी ने चीफ्स चिंतन में साझा की ऑपरेशनल जानकारी

नई दिल्ली। भारतीय सेना के प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी की अगुवाई में चीफ्स चिंतन नामक दो दिवसीय संवाद कार्यक्रम की शुरुआत हुई, जिसमें पूर्व सेना प्रमुखों के साथ रणनीतिक और संस्थागत विषयों पर चर्चा की गई।



इस संवाद का मुख्य केंद्रबिंदु 'ऑपरेशन सिंदूर' रहा। जनरल द्विवेदी ने इस सैन्य अभियान की विस्तृत जानकारी साझा करते हुए बताया कि किस तरह थल सेना, वायुसेना और नौसेना ने मिलकर संयुक्त ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि इस ऑपरेशन के जरिए भारतीय सशस्त्र बलों की रणनीतिक क्षमता और अंतर-सेना समन्वय को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया गया है। सेना प्रमुख ने बताया कि यह संवाद सिर्फ एक समीक्षा नहीं, बल्कि एक रणनीतिक साझेदारी है, जहां पूर्व प्रमुखों के अनुभवों को वर्तमान चुनौतियों के साथ जोड़ते हुए भविष्य की योजना बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि तकनीकी समावेशन और आधुनिकीकरण भारतीय सेना की प्राथमिकता में शामिल हैं, जिससे सेना को 'फ्यूचर-रेडी फोर्स' के रूप में ढालने का कार्य हो रहा है। कार्यक्रम में विकसित भारत 2047 के विजन में सेना की भूमिका (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# जी-7 बैठक छोड़कर लौटे डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को दी सीधी धमकी कहा - बिना शर्त सरेंडर करों, अमेरिका को पता है कहां छिपे हैं खामनेई

वॉशिंगटन। इस्राइल-ईरान तनाव के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा, अब हमारा ईरान के आसमान पर पूरी तरह नियंत्रण है। उनका यह बयान ऐसे समय में सामने आया है, जब इस तरह की अटकलें तेज हुई हैं कि क्या अमेरिका ईरान पर इस्राइल के हमलों में शामिल होगा या नहीं।

### ईरान के आसमान पर अमेरिका का पूर्ण नियंत्रण

ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल' पर लिखा, अब हमारे पास ईरान के आसमान पर पूर्ण और पूरी तरह नियंत्रण है। उन्होंने अमेरिका में बने हथियारों की तारीफ की, हालांकि उन्होंने इस्राइल का सीधे तौर पर जिक्र नहीं किया। उन्होंने लिखा, कोई भी यह काम हमसे बेहतर नहीं करता-पुराने और भरोसेमंद अमेरिका से अच्छा कोई नहीं। एसोसिएटेड प्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप ने कहा कि अमेरिका जानता है कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामनेई कहां छिपे हुए हैं। लेकिन हम उन्हें मारना नहीं चाहते हैं। उन्होंने ईरान से अब बिना शर्त आत्मसमर्पण करने का आग्रह किया। उन्होंने मंगलवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट में ईरान से बिना शर्त आत्मसमर्पण करने का अनुरोध किया, क्योंकि पांच दिनों से चल रहा इजरायल-ईरान संघर्ष बढ़ता ही जा रहा है। इस्राइल और ईरान के बीच लगातार पांच दिनों से संघर्ष जारी है।



मंगलवार को भी दोनों देशों ने एक-दूसरे के बड़े शहरों पर मिसाइलें दागी। इस्राइल ने ईरान के नवनियुक्त सेना प्रमुख अल शादनामी को भी मार गिराने का दावा किया है। वहीं ईरान ने कहा है कि उसने इस्राइल की खुफिया एजेंसी मोसाद और सैन्य गुप्तचर एजेंसी के मुख्यालय पर मिसाइलें दागी हैं। दोनों देशों में संघर्ष बढ़ने के संकेत के बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कनाडा में जी-7 की बैठक से जल्दी लौट गए हैं। जाते-जाते उन्होंने कहा कि वह ईरान और इस्राइल के बीच संघर्ष विराम नहीं, बल्कि समस्या का असली समाधान चाहते हैं। इस्राइली सेना के एक अधिकारी ने (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# रेत एवं शराब के अवैध परिवहन पर निरंतर कड़ी कार्रवाई करें - कलेक्टर

**राजनांदगांव (दावा)।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत 20 जून को शासकीय कार्यालयों में सघन पौधरोपण किया जाएगा। सभी शासकीय कार्यालयों में अधिकारी-कर्मचारी पौधे लगाएंगे। उन्होंने बारिश को ध्यान में रखते हुए छायादार एवं फलदार पौधे लगाने के लिए आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने के लिए कहा। उन्होंने जिले के सभी आंगनबाड़ी, छात्रावास-आश्रम, स्कूलों में पौधरोपण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दिग्विजय स्टेडियम में सुबह 7 से 8 बजे तक सामूहिक योगाभ्यास किया जाएगा। उन्होंने इसके लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को समन्वय करते हुए कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि शहर के उद्यानों के सौंदर्यीकरण एवं मरम्मत के लिए उद्योगों को दायित्व सौंपा गया है। शहर के उद्यानों के सौंदर्यीकरण के लिए उद्योगों द्वारा किए जा रहे कार्यों की मानिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने डिवाईडर, रेलिंग को पेंट करने का कार्य प्राथमिकता से करने के लिए कहा। कलेक्टर ने कहा कि रेत एवं शराब के अवैध परिवहन पर कड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि रेत एवं शराब के अवैध परिवहन में किसी भी अधिकारी एवं कर्मचारी की संलिप्तता नहीं हो यह सुनिश्चित करें। उन्होंने रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन तथा शराब के अवैध परिवहन पर निरंतर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही वन विभाग में पेड़ों की अवैध कटाई एवं पर्यावरण संबंधी मामलों में भी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि लोक निर्माण विभाग, सेतु, ग्रामीण सेवा यांत्रिकी एवं अन्य निर्माण एजेंसी महत्वपूर्ण निर्माण कार्य के लिए प्राक्कलन प्रस्तुत करें। निर्माणाधीन सभी महत्वपूर्ण कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण करें। उन्होंने राजस्व प्रकरणों एवं भू-आबंटन की स्थिति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि



- 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत 20 को शासकीय कार्यालयों में होगा सघन पौधरोपण
- छायादार एवं फलदार पौधे लगाने के लिए आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने के दिए निर्देश
- 21 को दिग्विजय स्टेडियम में होगा योग दिवस कार्यक्रम
- शहर के उद्यानों के सौंदर्यीकरण एवं मरम्मत के लिए उद्योगों को सौंपा गया दायित्व

अभिलेख दुरूस्तीकरण कार्य शीघ्र कराएं। कलेक्टर ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माण किए गए आवास के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ऐसे आवास जो पूर्ण हो गए है, उन्हें शीघ्र आबंटित कर दें। उन्होंने कहा कि शासन की महती योजना प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत अधिक से अधिक जनसामान्य को लाभान्वित करने के लिए प्रेरित करें, इस योजना के तहत बिजली बिल से नागरिकों को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना से अधिक से अधिक महिलाओं को लाभान्वित करने की दिशा में कार्य करने की आवश्यता है। उन्होंने कहा कि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, खाद्य विभाग, जिला विपणन अधिकारी, नान सहित अन्य संबंधित विभाग को धान के उठाव के लिए समिति मिलान करने का कार्य शीघ्र पूर्ण करने हेतु समन्वय करें। उन्होंने इस कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्मार्ट मीटर, आयुष्मान कार्ड पंजीयन, कौशल विकास, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, परिक्रमा पथ, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना सहित विभिन्न कार्यों की समीक्षा की।

जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि जल शक्ति अभियान एवं स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रमों में विभागों का अभिसरण सराहनीय रहा है। उन्होंने कहा कि जिले में डायरिया को ध्यान में रखते हुए जनजागरूकता लाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि तालाब, नाले की साफ-सफाई एवं स्वच्छता के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष तौर पर जनसामान्य को जागरूक करने की जरूरत है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी आयुष जैन, प्रशिक्षु डीएफओ अभिषेक अग्रवाल, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम राजनांदगांव खेमलाल वर्मा, एसडीएम डोंगरगढ़ अभिषेक तिवारी, एसडीएम डोंगरगांव श्रीकांत कोर्राम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## पहला कॉलम...

### पंडित प्रदीप मिश्रा के प्रवचन की तैयारी जोरों पर, 19 को होगी प्रारंभ,



राजनांदगांव (दावा)। जिला मुख्यालय से 26 किलोमीटर दूर ग्राम निकुम दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम निकुम में जय महाकाल परिवार व समस्त ग्रामवासी निकुम सहित अंचल के गांव-गांव से मिलकर पहली बार विश्वविख्यात कथावाचक सिहोर वाले पं. प्रदीप मिश्रा निकुम आने से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। पंडाल में भी तैयारी पुरजोर चल रही है। कथा के लिए चार डोम बन रहे है। जिसमें लाखों भक्त शिवमहापुराण की कथा सुनेगें। पंडित मिश्रा जी की कथा 19 जून से प्रारंभ होगी। जो पांच दिवसीय है। राजनांदगांव जिले के लाखों भक्त भी निकुम कथा स्थल पहुंचेगे। वे लोग राजनांदगांव से सीधे लखोली, कन्हारपुरी, रवेली, भर्रेगांव, देवरी देवसरा होते हुए निकुम पहुंच सकते हैं और दूसरा मार्ग राजनांदगांव से सीधे हल्दी, सुरगी, कुम्हालोरी से चिरचार होते हुए देवरी, देवसरा से निकम पहुंच सकते है।

### पुनिकराम सिन्हा का निधन



डोंगरगढ़ (दावा)। डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम मेढ़ा निवासी पुनिक राम सिन्हा उम्र 65 वर्ष का निधन 16 जून को हो गया। वे कुछ महीने से अस्वस्थ चल रहे थे। अपने पीछे दो पुत्र व दो पुत्री सहित भरा परिवार छोड़कर अपने धाम चले गए। वे सिन्हा समाज के पूर्व क्षेत्राधिकार व ग्राम प्रमुख का दायित्व कई वर्ष तक किए है। इस अंतिम विदाई यात्रा में सिन्हा समाज व ग्रामीणजनों द्वारा भावपूर्ण श्रद्धांजलि दिया गया।

### पूरन लाल नागवंशी का निधन



राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय शंकरपुर निवासी पूरन लाल नागवंशी का 17 जून मंगलवार को दोपहर 3 बजे निधन हो गया है। वे जेतवन बुद्ध विहार के सक्रिय कार्यकर्त्ता रहे हैं। मृदभाषी व मिलसार व्यक्तित्व के धनी श्री नागवंशी अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए। उनकी अंतिम यात्रा 18 जून बुधवार को प्रातः 10 बजे निज निवास से शंकरपुर मुक्तिधाम हेतु निकाली जाएगी।

SILVER SCREEN MULTIPLEX
13th June to 19th June 2025



How to Train Your Dragon - 06:30 and 09:30 pm
HOUSEFULL 5 A - 12:30, 03:30, 06:00 and 09:00 pm
HOUSEFULL 5 B - 03:15 and 09:15 pm
Bhool Chuk Maaf - 12:15 pm
Mor Chhainha Bhuinya 3 (C.G) - 12:00, 03:00 and 06:15 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

dts श्री कृष्णा (एयरकूल) में
शानदार चौथा सप्ताह रोजाना 4 खेल
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
छत्तीसगढ़ी
मोर छईयां भुईयां - 3
मन कुरैशी, दीपक साहू, एल्सा घोस, दिक्षा जयसवाल



ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

## लोक नाट्य भरथरी की शानदार प्रस्तुति से दर्शक हुए बाग-बाग

### बहुत दिनों बाद संस्कार धानी के लोगों को देखने मिला बेहतरीन नाटक



**भरथरी गायन ने लोगों को किया मंत्रमुग्ध**

शहर के पद्मश्री आडिटोरियम में दो दिनों तक आयोजित इस लोक नाट्य को देखने सैकड़ों की संख्या में दर्शक उमड़े और इसके मंझे हुए कलाकारों के बेहतरीन अभिनय का ताली बजाकर स्वागत किया। नाटक के संगीत पक्ष के कलाकारों ने भरथरी गायन शैली के साथ ऐसा शमा बांधा जिससे दर्शक मंत्रमुग्ध हुए बिना नहीं रहे। वहीं लाईटिंग व्यवस्था भी मन को मोह लेने वाला रहा।

राजनांदगाव (दावा)। संस्कृति विभाग के सहयोग से लोक नाट्य भरथरी की शानदार कार्यक्रम पदम् गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम मे आयोजित किया गया। जहां बड़ी संख्या में उपस्थित दर्शकों ने इस लोक नाट्य को खूब सराहा और राजा भरथरी के रूप में कलाकारों के जीवंत अभिनय देखकर बाग बाग हुए।

लोककला धर्मी व रंगकर्मी भूपेंद्र साहू द्वारा निर्देशित राजा भरथरी के त्याग तपस्या पर आधारित इस लोक नाट्य का शुभारंभ लोक गायिका कविता वासनिक व पद्मश्री राधेश्याम बारले द्वारा मां सरस्वती पूजन व सुप्रसिद्ध भरथरी गायिका स्व. सुरुज बाई खांडे के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। लोक सांस्कृतिक संस्था अनुराग धारा के संगीतकार विवेक वासनिक भरथरी गायिका हिमानी वासनिक व लोक गायक सुनील बंसोड़ ने बताया कि राजा विक्रमादित्य के लघु भ्राता राजा भर्तृहरि (भरथरी) के वैराग्य वृत्ति और त्याग तपस्या पर आधारित इस लोक नाट्य के कलाकारों ने अपनी अपनी भूमिका को बेजोड़ तरीके से निभाया और राजा भरथरी के चरित्र को जीवंत किया जो देखते ही बनता था।

लोक गायक सुनील बंसोड़ ने बताया कि भरथरी नाटक की सफल प्रस्तुति पर विधायक, पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के आलावा लोकसभा सांसद संतोष पांडे, डोंगरगाव विधायक दलेश्वर साहू, महापौर मधुसूदन यादव, भाजपा के जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, महामंत्री सौरभ कोठारी, राजगामी सम्पदा के पूर्व अध्यक्ष विवेक वासनिक ने कलाकारों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर नगर के नामचीन कलाकार श्रीमती पूनम विराट, लोक गायक एवं पार्षद मनोहर यादव, हास्य कलाकार सुदेश यादव, महादेव हिरवानी, विष्णु कश्यप, गीतकार हर्षकुमार बिंदु, जीतेंद्र सोनी, संतोष यादव, तरुण गड़पायले, ईश्वर मेश्राम, जितेंद्र सोनी, गोविंद साव, जीवन शेंडे, रंगकर्मी राजेश बाघमारे, विनोद गौतम, वैष्णवी रंगारी, गौतम रंगारी, राजेंद्र यादव, अशोक चोखान्द्रे, मुन्ना बाबू, रंगकर्मी शरद श्रीवास्तव, रितेश सिंघाड़े, गोपी पटेल, नृत्यांगणा आम्रपाली गायकवाड़ आदि सहित बड़ी संख्या में लोकनाट्य प्रेमी व कला अनुरागी उपस्थित थे।

## महिला एवं पुरुष नगर सैनिकों की लिखित भर्ती परीक्षा रविवार 22 को

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा नगर सेना अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं तथा एसडीआरएफ मुख्यालय छत्तीसगढ़ नवा रायपुर अंतर्गत महिला एवं पुरुष नगर सैनिकों की लिखित भर्ती परीक्षा का आयोजन रविवार 22 जून को किया जाएगा।

अभ्यर्थी व्यापम की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक पर क्लिक करके अपने प्रोफाइल लॉगिन पेज से प्रवेश पत्र 16 जून से डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थी अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त एसएमएस के यूआरएल को क्लिक करके भी सीधे प्रवेश पत्र प्राप्त कर उसका प्रिंट आउट ले सकते हैं। परीक्षा दिवस को प्रत्येक परीक्षार्थी लगभग एक घंटे पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र में उपस्थित रहे। जिससे उनके मूल पहचान पत्र से उनका पहचान किया जा सके एवं परीक्षा केंद्र में जाने हेतु अनुमति दी जा सके। परीक्षार्थी परीक्षा दिवस से एक दिन पूर्व ही अपने परीक्षा केन्द्र की भौगोलिक स्थिति से भलीभांति परिचित हो जाए। प्रवेश पत्र पर अंकित समय के पश्चात किसी को भी परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। अभ्यर्थी संपूर्ण प्रवेश पत्र पूर्णतः डाउनलोड करें और उसका प्रिंट आउट लेकर परीक्षा केन्द्र में जायें। परीक्षार्थियों को डाकघर के माध्यम से प्रवेश पत्र नहीं भेजा जाएगा। किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र के संबंध में कठिनाई होती है तो हेल्पलाइन नंबर 0771-2972780 एवं मोबाइल नंबर 8269801982 पर समय सुबह 10 से शाम 5.30 बजे तक संपर्क कर सकते हैं। परीक्षार्थियों को अपना फोटोयुक्त मूल आईडी प्रूफ जैसे मतदाता पहचान पत्र, ड्रायविंग लायसेंस, पेन कार्ड, आधार कार्ड, पासपोर्ट, विद्यालय का फोटोयुक्त परिचय पत्र, फोटोयुक्त अंकसूची मूलरूप में (फोटो कॉपी मान्य नहीं) परीक्षा दिवस में परीक्षा केन्द्र में लाना अनिवार्य होगा। मूल पहचान पत्र के अभाव में परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

## व्यापारी अनिल बरड़िया को जन्मदिन पर दी बधाई, शहर के गणमान्यजन पहुंचे निवास पर



लायंस क्लब, कैट, पार्षद व पत्रकारों ने अनिल बरड़िया को दी जन्मदिन की बधाई

राजनांदगांव (दावा)। शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी और बरड़िया ज्वेलर्स के संचालक अनिल बरड़िया के जन्मदिन के अवसर पर उन्हें शुभकामनाएं देने बड़ी संख्या में गणमान्यजन उनके निवास स्थान पर पहुंचे। इस मौके पर लायंस क्लब, चैंबर ऑफ कॉमर्स, कैट, संस्कारधानी सेवा संस्थान सहित व्यापारी वर्ग, पार्षदगण और पत्रकार उपस्थित रहे। जिन लोगों ने अनिल बरड़िया को शुभकामनाएं दी। उनमें प्रमुख रूप से अशोक पांडे, शरद अग्रवाल, आलोक बिंदल, राजा मखीजा, संजय तेजवानी, राजू डागा, सूरज खंडेलवाल, योगेश खत्री, अमित खंडेलवाल, जैनम बैद, सुनील बरड़िया, ईश्वर साहू, राजकुमार बाफना, योगेश सारथी व मनोज देवांगन शामिल रहे। सभी ने अनिल बरड़िया के अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की।

## मुरमुंदा मार्ग में ट्रक ने गाय को ठोकर मारी

डोंगरगढ़ (दावा)। लगातार हो रहे सड़क हादसे से आमजन दहशत में है। हाल ही में एक कार अनियंत्रित होकर ग्राम मुरमुन्दा मार्ग पर स्थित दुकान में घुस गई थी। जिससे अनेक लोग घायल हुए थे।



मंगलवार को एक ट्रक द्वारा गाय को ठोकर मार कर मौत कर घाट उतार दिया गया। लगातार घट रही दुर्घटना को लेकर क्षेत्रवासियों में यातायात व्यवस्था को लेकर भारी आक्रोश देखा जा रहा है।

## हल्दी वार्ड में सामुदायिक भवन, सीमेंट रोड तथा स्कूल में अतिरिक्त कमरा व शौचालय निर्माण के लिए महापौर ने किया भूमिपूजन

राजनांदगांव (दावा)। वार्ड विकास की कड़ी में नगर निगम द्वारा वार्डो में विभिन्न विकास कार्य कराये जा रहे है। इसी कडी में आज वार्ड नं. 51 हल्दी में आधोसंरचनामद अंतर्गत 10-10 लाख रूपये की लागत से सामुदायिक भवन एवं रोड सीमेटीकरण के अलावा पीएमश्री योजनांतर्गत 7 लाख रूपये की लागत से स्कूल में अतिरिक्त कमरा व 1.67 लाख रूपए की लागत से नवीन शौचालय निर्माण कराने आज महापौर मधुसूदन यादव ने पूजा-अर्चना कर गैती चलाकर भूमिपूजन किया। भूमिपूजन में महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य डीलेश्वर प्रसाद साहू, राजा माखिजा, राजेश जैन रानू, हल्दी के पार्षद चंद्रकृत साहू, पार्षद रवि सिन्हा, सतीश साहू, संदीप बघेल, पूर्व पार्षद विजय राय, शरद सिन्हा सहित सामाजिक कार्यकर्ता गोलू गुप्ता, शाला विकास के अध्यक्ष सतानंद साहू, प्रधानपाठक प्रमोद सिंह राजपूत विशेष रूप से उपस्थित थे।



भूमिपूजन अवसर पर महापौर श्री यादव ने कहा कि शासन द्वारा स्वीकृत राशि से शहर के वार्डो में मूलभूत सुविधा बिजली, पानी, रोड, नाली के अलावा सामुदायिक भवन, मंच, उद्यान, मुक्तिधाम उन्नयन आदि कार्य कराये जा रहे है। इसी तारतम्य में हल्दी में सामुदायिक भवन, रोड तथा स्कूल में कमरा व शौचालय निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गरीब तबके के नागरिकों के बच्चो को उच्च शिक्षा देने पीएमश्री योजना लागू की है। जिससे सामान्य परिस्थिति के बच्चे भी निजी स्कूलों की तरह सर्वसुविधायुक्त स्कूल में शिक्षा ग्रहण करेगे। इसके लिए उन्होंने स्कूलों का उन्नयन कर सभी सुविधाएं उपलब्ध करा रहे है। इसी कड़ी में हल्दी स्कूल में पीएमश्री योजना के तहत स्कूल उन्नयन के लिए राशि प्राप्त हुई। जिसका कार्य जल्द प्रांरभ होगा और हल्दी के बच्चे भी अच्छी शिक्षा ग्रहण करेंगे।

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं दिनेश राम पिता स्व. श्री बिसाली राम, आयु 42 वर्ष निवासी करेंगांव तहसील डौण्डीलोहारा जिला बालोद (छ.ग.) का निवासी हूँ।

यह शपथ करता हूँ कि मेरी पुत्री का वास्तविक व सही नाम डामेश्वरी पिता दिनेश राम है। जो कि सही व सत्य है। किन्तु आधार कार्ड में त्रुटिवश मेरी पुत्री का नाम डिम्पल दर्ज हो गया है, जो गलत है। जबकि मेरी पुत्री का नाम डामेश्वरी है, जो सही व सत्य है।

अतः समस्त शासकीय व अर्द्धशासकीय में मेरी पुत्री का नाम डामेश्वरी पिता दिनेश राम के नाम से जाना व पहचाना जाने हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत है जिस हेतु छत्तीसगढ़ राजपत्र (गजट) में प्रकाशन करना चाहता हूं।

**दिनेश राम**
पिता स्व. श्री बिसाली राम निवासी करेंगांव तहसील डौण्डीलोहारा जिला बालोद (छ.ग.)

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं सलमा अब्बास कालॉलवाला पति अब्बास कालॉलवाला, SALMA ABBAS KALOLWALA W/O ABBAS KALOLWALA निवासी-हाउस नम्बर 85, वार्ड नम्बर 26 गुडाखू लाईन बोहरा गली, राजनांदगांव छत्तीसगढ़ 491441 (HOUSE NUMBER 85, WARD NUMBER 26, GUDAKHU LINE, BOHRA GALI, RAJNANDGAON (C.G) 491441 शपथ करती हूँ कि, मैंने अपना यह पूराने नाम को त्याग कर नया नाम सलमा कालॉलवाला पति अब्बास कालॉलवाला, SALMA KALOLWALA W/O ABBAS KALOLWALA रख ली हूँ। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय/अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम सलमा कालॉलवाला पति अब्बास कालॉलवाला, SALMA KALOLWALA W/O ABBAS KALOLWALA से ही जाना व पहचाना जायें।

शपथकर्ता
**सलमा कालॉलवाला**
SALMA KALOLWALA -
हाउस नम्बर 85, वार्ड नम्बर 26 गुड़ाखू लाईन बोहरा गली, राजनांदगांव छत्तीसगढ़ 491441

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं सलमा अब्बास कालॉलवाला पति अब्बास कालॉलवाला, BATUL HUSAIN KALOLWALA W/O HUSAIN KALOLWALA निवासी-हाउस नम्बर 85, वार्ड नम्बर 26 गुडाखू लाईन बोहरा गली, राजनांदगांव छत्तीसगढ़ 491441 (HOUSE NUMBER 85, WARD NUMBER 26, GUDAKHU LINE, BOHRA GALI, RAJNANDGAON (C.G) 491441 शपथ करती हूँ कि, मैंने अपना यह पूराने नाम को त्याग कर नया नाम बतुल कालॉलवाला पति हुसैन कालॉलवाला, BATUL KALOLWALA W/O HUSAIN KALOLWALA रख ली हूँ। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय/अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम सलमा कालॉलवाला पति अब्बास कालॉलवाला, BATUL KALOLWALA W/O HUSAIN KALOLWALA से ही जाना व पहचाना जायें।

शपथकर्ता
**बतुल कालॉलवाला**
BATUL KALOLWALA -
हाउस नम्बर 85, वार्ड नम्बर 26 गुड़ाखू लाईन बोहरा गली, राजनांदगांव छत्तीसगढ़ 491441

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं हुसैन कालोलवाला पिता अब्बास भाई कालोलवाला, HUSAIN KALOLWALA/SO ABBAS BHAI KALOLWALA निवासी-हाउस नम्बर 85, वार्ड नम्बर 26 गुडाखू लाईन बोहरा गली, राजनांदगांव छत्तीसगढ़ 491441 (HOUSE NUMBER 85, WARD NUMBER 26, GUDAKHU LINE, BOHRA GALI, RAJNANDGAON (C.G) 491441 शपथ करता हूँ कि, मैंने अपना यह पूराने नाम को त्याग कर नया नाम हुसैन कालोलवाला पिता अब्बास भाई कालोलवाला, HUSAIN KALOLWALA/SO ABBAS BHAI KALOLWALA रख लिया हूँ। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय/ अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम हुसैन कालोलवाला पिता अब्बास भाई कालोलवाला, HUSAIN KALOLWALA/SO ABBAS BHAI KALOLWALA से ही जाना व पहचाना जायें।

शपथकर्ता
**हुसैन कालोलवाला**
HUSAIN KALOLWALA -
हाउस नम्बर 85, वार्ड नम्बर 26 गुड़ाखू लाईन बोहरा गली, राजनांदगांव छत्तीसगढ़ 491441

**आवश्यकता है**
होटल/मेस में भोजन बनाने के लिए महिला और पुरुष की आवश्यकता है। रहने की सुविधा उपलब्ध। साथ ही वॉचमैन की आवश्यकता है।
-: संपर्क करें :-
मो. - 8871175796

### शुभांक

अनुमानित

बी. के
3-6-0
220-4 138-2

राजधानी
2-4-7
489-1 389-0

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

### न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी खैरागढ़ जिला खैरागढ़-छुईखदान, गण्डई (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.मा.क्रं..........बी-212 वर्ष 201.........201

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रदीप विश्वकर्मा आ. सालिकराम निवासी शहर/ग्राम मरकामटोला प.ह.नं. 20 तहसील खैरागढ़ जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई दादी स्व. बुधरिया बाई विश्वकर्मा आ. चिंताराम विश्वकर्मा के मृत्यु प्रमाण पत्र की मॉग की गई है। उपरोक्त आवेदक पत्र इस न्यायालय में मृत्यु दिनांक 09/04/2018 को स्थान मरकामटोला पर होना बताया जाकर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु प्रकरण विचाराधीन है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो, वे सुनवाई तिथि 21/06/25 लिखित में स्वयं/अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार दिनांक 02/06/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 02/06/25
सुनवाई दिनांक 21/06/25

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी खैरागढ़**

# देश सेवा में तैनात जवान की अमानत लौटाकर रेल्वे सुरक्षा बल ने बढ़ाया सम्मान

राजनांदगांव (दावा)। नांदगांव रेल्वे स्टेशन के रेल्वे सुरक्षा बल ने अपने एक और कर्तव्य परायणता की मिसाल पेश करते हुए लोगों का ध्यान आकृष्ट किया है। इस बार रेल्वे सुरक्षा बल के सिपाही ने देश सेवा में तैनात जवान की ट्रेन में छुटे सामानों को लौटाकर अपनी जागरूकता एवं कर्तव्य निष्ठा का परिचय दिया है।

बता दें कि बल द्वारा बीते दिनों चलती ट्रेन की खिड़की से बाहर गिरे बालक की त्वरित चिकित्सा व्यवस्था मुहैया कराकर उसकी जान बचाई गई थी। रेल्वे सुरक्षा बल निरीक्षक श्रीमती तरुणा साहू के नेतृत्व में बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू व मेडिकल कॉलेज के डाक्टरों की अथक प्रयत्नों से गंभीर रूप से घायल बालक की जान बचाने में सफलता मिली। उक्त बालक को रायपुर रिफर किए जाने पश्चात वह स्वस्थ स्थिति को प्राप्त कर रहा है। इसी रेल्वे सुरक्षा बल निरीक्षक श्रीमती तरुणा साहू ने बताया कि मंगलवार 17 जून को स्थानीय रेल सुरक्षा बल पोस्ट द्वारा ऑपरेशन 'अमानत' के अंतर्गत एक सराहनीय कार्य करते हुए एक यात्री का खोया हुआ मोबाइल फोन और पर्स सही-सलामत सुपुर्द किया गया।

श्रीमती साहू ने बताया कि मंगलवार की प्रातः 8.55 बजे



**ट्रेन के कोच की सीट में छूटा था जवान का सामान**

रेल सुरक्षा बल को टेलीफोनिक सूचना प्राप्त हुई कि ट्रेन क्रमांक 22846 के कोच बीडब्ल्यू की सीट संख्या 64 पर एक यात्री का मोबाइल एवं पर्स छूट गया है। उक्त सूचना मिलते ही मंडल सुरक्षा आयुक्त दीपचंद्र आर्य के निर्देशन तथा उनके स्वयं के नेतृत्व में ड्यूटी पर तैनात प्रधान आरक्षक राजेन्द्र रायकवार द्वारा तत्परता दिखाते हुए ट्रेन के निर्धारित समय 9 बजे प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर पहुंचकर बताए गए स्थान से एक मोबाइल फोन एवं भूरे रंग का पर्स बरामद किया गया। इस दौरान उक्त स्थल पर उपस्थित यात्रियों से पूछताछ किए जाने पर किसी ने भी उस सामग्री को अपना नहीं बताया। तत्पश्चात उक्त वस्तुओं को रेल सुरक्षा बल पोस्ट राजनांदगांव लाया गया तथा सीसीटीवी निगरानी में पर्स की जांच की गई। जिसमें 2700 रूपए नगद रुपए रखा हुआ पाया गया। इसकी सूचना मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष नागपुर को दी गई। तद्पश्चात दोपहर 12.30 बजे एक व्यक्ति जयमसीह कंडुलना पिता नथनिएल कंडुलना उम्र 42 वर्ष निवासी कुलागोंडा थाना कुटिंगा जिला सिमडेगा (झारखंड) रेल सुरक्षा बल पोस्ट पर उपस्थित हुआ। उन्होंने बताया कि वे वर्तमान में सीआरपीएफ में प्रधान आरक्षक के पद पर बीजापुर में पदस्थ हैं और छुट्टी पूरी कर वापस ड्यूटी जा रहे थे। तभी रायपुर स्टेशन पर उतरते समय उनका मोबाइल और पर्स ट्रेन में ही छूट गया। जिसकी शिकायत उन्होंने हेल्पलाइन नंबर 139 पर दर्ज कराई थी। मोबाइल का पैटर्न लॉक खुलवाने एवं टिकट व आधार कार्ड से पहचान की पुष्टि होने के पश्चात 11,000 रूपए कीमत का मोबाइल व 2700 रूपए नगद युक्त पर्स कुल 13,700 की सामग्री जवान जयमसीह कंडुलना के हवाले विधिवत रूप से किया गया। इस पर प्रसन्नता जताते हुए उक्त यात्री जवान ने आईपीएफ का हृदय से आभार व्यक्त किया।

# कथावाचक प्रदीप मिश्रा के खिलाफ कायस्थ समाज ने खोला मोर्चा



राजनांदगांव (दावा)। कथावाचक प्रदीप मिश्रा द्वारा भगवान श्री चित्रगुप्त महाराज एव यमराज के संबंध में की गई अभद्र, आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में कायस्थ समाज राजनांदगांव ने खुलकर मोर्चा खोल दिया है।

कायस्थ समाज के सचिव राकेश श्रीवास्तव ने बताया कि गत 14 जून को महाराष्ट्र के श्रीक्षेत्र चक्रमंडी बीड में आयोजित शिव पुराण कथा कार्यक्रम के दौरान कथावाचक प्रदीप मिश्रा ने वेदव्यास पीठ से कायस्थों के कुलदेवता भगवान चित्रगुप्त तथा मृत्यु के देवता यमराज के संबंध में अत्यंत अभद्र, आपत्तिजनक तथा अवमाननापूर्ण टिप्पणी किया गया।

**सात दिन के भीतर माफी ना मांगने पर होगी कानूनी कार्यवाही**

कथावाचक प्रदीप मिश्रा द्वारा सार्वजनिक रूप से भगवान चित्रगुप्त को उपहास पूर्वक मुछंदर कहकर संबोधित करते हुए यह कहा गया कि 'अरे ये चित्रगुप्त तू सबका हिसाब रखना... पर मेरा मत रखना। इस टिप्पणी से आहत होकर कायस्थ समाज राजनांदगांव द्वारा मंगलवार को आकस्मिक सामाजिक मीटिंग का आयोजन किया। जिसमें सर्वसम्मति से कथावाचक प्रदीप मिश्रा के खिलाफ घोर निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। तत्पश्चात् यह निर्णय लिया गया कि यदि सात दिवस के भीतर कथावाचक प्रदीप मिश्रा द्वारा सार्वजनिक मंच पर माफी नहीं मांगी जाती है तो कायस्थ समाज कानूनी कार्यवाही करने के लिए बाध्य होगा। इसी मांग को लेकर मंगलवार को कायस्थ समाज के अध्यक्ष ओमप्रकाश श्रीवास्तव के नेतृत्व में कायस्थ प्रतिनिधिमंडल नें स्थानीय कलेक्टोरेट जाकर कलेक्टर सर्वेश नरेंद्र भूरे से मिलकर मामले की पूरी जानकारी देते हुए उन्हें ज्ञापन सौंपा।

कायस्थ समाज के प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप से वरिष्ठ संरक्षक सुरेंद्र श्रीवास्तव, वरिष्ठ संरक्षक रोहणी कांत श्रीवास्तव, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य आदेश श्रीवास्तव, पूर्व कोषाध्यक्ष गणेश लाल श्रीवास्तव, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य अखिलेश श्रीवास्तव, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य डॉ. रत्नेश श्रीवास्तव, वरिष्ठ सदस्य आशीष वर्मा आदि उपस्थित थे।

# चोरों ने सूने मकान को बनाया टारगेट, ढाई लाख के गहने-जेवर व नगदी पार

राजनांदगांव (दावा)। शहर में चोरी की वारदात थम नहीं रही है। पिछले दिनों बख्तावर चाल तुलसीपुर में बकरीद त्यौहार के दिन अज्ञात चोरों ने घर सुने होने का फायदा उठाते हुए लाखों रुपए के गहने जेवर व नगद राशि पार कर दी थी। पुलिस को उक्त चोरी का सुराग अभी तक नहीं मिल पाया है। इसके पहले कंचन बाग के एक मंदिर के दानपेटी में चोरों ने हजारों रुपए पर हाथ साफ किया था, वे चोर भी अभी तक पकड़े नहीं गए हैं। अब तो चोरों ने हद पार करते हुए शहर के लक्ष्मी नगर निवासी एक कर्मचारी के सुने घर में धावा बोलकर ढ़ाई लाख के गहने-जेवर व नगदी राशि की चोरी कर ली है। बताया जाता है कि उक्त शातिर चोरों ने चोरी कार्य को अंजाम देने सीसीटीवी कैमरे के ऊपर कपड़ा ढांक दिया था, ताकि वे सीसीटीवी कैमरे के नजर में न आए।

**सीसीटीवी कैमरे पर कपड़ा ढांक कर दिया चोरी को अंजाम**

बताया जाता है कि लक्ष्मी नगर निवासी स्वास्थ्य विभाग रायपुर में कार्यरत प्रार्थी मनीष कुमार मेजरवार का परिवार 12 जून को रायपुर होते हुए मुंबई चले गए थे और 13 जून को वे अपने रायपुर स्थित दफ्तर चले गए। 14 जून को उसके लक्ष्मी नगर स्थित मकान में रहने वाले किराएदार अभिनव वर्मा ने उसे फोन कर बताया कि उसके कमरे का दरवाजा बाहर से बंद है और घर के सीसीटीवी कैमरे पर किसी ने कपड़ा बांध दिया है। जिसकी सूचना पर दूसरे दिन मनीष कुमार घर लौटा तो दरवाजे में लगा ताला टूटा हुआ है। अंदर घुसकर देखा तो अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर आलमारी में रखे एक लाख 15 हजार रुपए, चांदी का कड़ा 15 नग, चांदी का पायल 2 नग, चांदी का सिक्का 6 नगर, एक जोड़ी सोने का झुमका, 4-6 गेहूं दाना लगे हुए मंगलसूत्र, सोने की चैन, लाकेट सहित सोने की जेंट्स अंगूठी व लाकर में रखे पासबुक भी चोर चोरी कर के ले गए। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की खोज बीन शुरू कर दी है।

# पुलिस ने चलाया गुंडा बदमाश, निगरानी बदमाश एवं संदेहियों पर विशेष अभियान



राजनांदगांव (दावा)। पुलिस ने अपने-अपने थाना क्षेत्रों में गुंडा-बदमाश व निगरानी शुदा बदमाशों व संदेहियों पर विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस द्वारा अलग-अलग थाना क्षेत्रों में निवासरत् 30 से अधिक गुंडा बदमाशों को थाना हाजिर व तलब कर उन्हें अपराध से दूर रहने की समझाईस दी गई।

**थाना हाजिर कर अपराध से दूर रहने की दी गई नसीहत**

बताया जाता है कि अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने व सुरक्षा/शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को गुंडा बदमाश, निगरानी बदमाश, संदेही पर विशेष अभियान चलाकर उनकी दैनिक गतिविधि हेतु सोमवार 16 जून को थाना बसंतपुर लालबाग, छुरिया, चिखली, तुमड़ीबोड़ पुलिस द्वारा कुल 30 से अधिक अपराधिक तत्वों को थाना हाजिर व तलब कर उनको समझाईश दी गई कि वे अपराधों से दूर रहकर शांतिपूर्वक अपने परिवार के साथ जीवन यापन करें नही तो पुलिस द्वारा सख्त कार्यवाही की जाएगी। पुलिस द्वारा जब भी उन्हें उपस्थित होने कहा जाता है तो वे तत्काल उपस्थित होवें तथा क्षेत्र में सुरक्षा, शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने हेतु समझाईस दी गई।

# कलेक्टर ने संवेदनशीलपूर्वक जनसामान्य की सुनी शिकायत एवं समस्याएं



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए जनसामान्य की शिकायत एवं समस्याओं को संवेदनशीलपूर्वक सुनी। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों से जनसामान्य यहां आते हैं, उनकी समस्याओं का निराकरण करते हुए उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित करना है। आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए कहा।

कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। जनदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने, नक्शा बटांकन, सीमांकन, अतिक्रमण हटाने, ऑनलाईन रिकार्ड दुरूस्त करने, आर्थिक सहायता, नजूल भूमि का पट्टा बनाने, राशन कार्ड बनवाने, आधार कार्ड में अपडेशन, सड़क दुर्घटना से मृत्यु होने पर आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभ दिलाने जैसे आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर डॉ. भुरे ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी आयुष जैन, जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# नीरज फाउंडेशन - किड्स प्रीमियम स्कूल में एडमिशन प्रारंभ



राजनांदगांव (दावा)। कमला कॉलेज रोड न्यू खंडेलवाल कॉलोनी में स्थित नीरज फाउंडेशन स्कूल 9201958612 में नए सत्र के लिए प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं। यह एक किड्स प्रीमियम स्कूल है, जहाँ बच्चों को संस्कारयुक्त शिक्षा के साथ-साथ एक उच्च स्तरीय, सुरक्षित, आनंददायक और समृद्ध वातावरण प्रदान किया जाता है। संस्था का उद्देश्य है कि हर बच्चा ज्ञान के साथ-साथ अच्छे संस्कारों के साथ आगे बढ़े।

यह स्कूल एक सुंदर 8000 वर्गफुट के हरे-भरे परिसर में स्थित है, जिसमें आधुनिक और बच्चों के लिए अनुकूल दो मंजिला भवन है, यहाँ पर विशेष व्यवस्था वाले बड़े-बड़े कक्ष हैं, जो बच्चों को शिक्षा का माहौल देते हैं। बच्चों के शारीरिक विकास के लिए 4 छोटे-बड़े (दो-दो हजार वर्ग फीट क्षेत्र के) खेल के मैदान हैं और मनोरंजन के लिए एक पोर्टेबल स्विमिंग पूल भी उपलब्ध है। स्कूल में टॉय लाइब्रेरी और बुक्स लाइब्रेरी है, जो बच्चों की जिज्ञासा और पढ़ने की आदत को बढ़ावा देती है। इसके अलावा एक थिएटर रूम और ऑडियो-विजुअल हॉल भी मौजूद हैं, जो रचनात्मकता और दृश्य-श्रव्य शिक्षण को प्रोत्साहित करते हैं। सभी कक्षाएं प्रशिक्षित और योग्य शिक्षकों द्वारा संचालित की जाती हैं, और संस्था एक आदर्श 20:1 छात्र-शिक्षक अनुपात का पालन करती है जिससे हर बच्चे को व्यक्तिगत ध्यान मिल सके।

स्कूल में सुरक्षा सर्वोपरि है, और इसके लिए जीपीएस ट्रैकिंग सुविधा से युक्त परिवहन सेवा उपलब्ध है। पूरे वर्षभर बच्चों के लिए सीखने से जुड़ी मज़ेदार गतिविधियाँ आयोजित की जाती हैं, जिससे उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो। संस्था संचालक नीरज बाजपेयी ने बताया कि यहां प्री नर्सरी से के जी 2 तक की संचालित कक्षाओं की उच्च स्तरीय व्यवस्था की गई है पालकों से आग्रह है कि एक बार इस संस्था को अवश्य भ्रमण करें और अपने बच्चों को प्री प्राइमरी की शिक्षा दिलाये।

# पांच दिवसीय योग शिविर एवं लाईफ स्टाईल क्लीनिक का हुआ शुभारंभ






राजनांदगांव (दावा)। आयुष विभाग द्वारा आयुष योगा वेलनेस सेंटर आयुष पॉली क्लीनिक दीनदयाल नगर चिखली में पांच दिवसीय योग शिविर तथा लाईफ स्टाईल क्लीनिक का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल एवं पार्षद शिव वर्मा उपस्थित थे। उन्होंने नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर योग शिविर का लाभ लेने की अपील की। साथ ही लाईफ स्टाईल क्लीनिक के लिए सभी को हार्दिक बधाई दी। इस दौरान अतिथियों द्वारा एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया।

जिला आयुष अधिकारी डॉ. शिल्पा मिश्रा ने बताया कि पांच दिवसीय योग शिविर का आयोजन 17 से 21 जून तक सुबह 6 से सुबह 7 बजे तक किया गया है। योग शिविर में प्रतिदिन योग प्रशिक्षक द्वारा योगाभ्यास कराया जाएगा। उन्होंने लाईफ स्टाईल क्लीनिक के माध्यम से आयुर्वेद में लाईफ स्टाईल से होने वाले रोगों एवं आहार विहार, प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग की जानकारी प्रदान की जाएगी। क्लीनिक के माध्यम से समस्त रोगियों को खानपान, प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग की विस्तृत जानकारी रोगानुसार प्रदान की जाएगी। संस्था में आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी एवं प्राकृतिक एवं योग चिकित्सा संचालित है। वर्तमान परिवेश में बढ़ते हुए जीवन शैली से संबंधी रोगों को देखते हुए नागरिकों के लिए लाईफ स्टाईल क्लीनिक का आरंभ किया गया है। बदलते वातावरण एवं अव्यवस्थित दिनचर्या के कारण लोगों में उच्च रक्तचाप, मधुमेह, स्थूलता, कब्ज, अनिद्रा, पीसीओडी सहित अन्य शारीरिक समस्याएं बढ़ गई है।

**लाईफ स्टाईल से होने वाले रोगों एवं आहार विहार, प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग की दी जाएगी जानकारी**

लाईफ स्टाईल क्लीनिक में प्रत्येक व्यक्ति व उसके रोगों के अनुसार दिनचर्या तथा आहार-विहार में सुधार संबंधी परामर्श दिया जाएगा। जिससे नागरिक अपने लाईफ स्टाईल में सुधार कर स्वस्थ रह सकें। शिविर में योगाभ्यार्थियों द्वारा योग नृत्य की प्रस्तुति दी गई एवं बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। शिविर में अंकुरित अनाज एवं नीबू पानी का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रभारी आयुष पॉलीक्लीनिक डॉ. हर्षा बरैया, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रज्ञा सक्सेना, योग चिकित्सक डॉ. भारती यादव, लाईफ स्टाईल क्लीनिक के डॉ. आनंद सिंह भारद्वाज सहित आयुष पॉलीक्लीनिक के स्टॉफ एवं नागरिकगण उपस्थित थे।

# दस दिवसीय संस्कृत संभाषण शिविर का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। संस्कृत भारती के राजनांदगांव इकाई द्वारा 20 जून से दस दिवसीय संस्कृत संभाषण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर सभी के लिए निःशुल्क रहेगा है। इसमें धारा प्रवाह संस्कृत बोलना, पढ़ना और श्लोक वाचन की कला सिखाई जाएगी। संस्कृत भारती की जिला संयोजक डॉ.आकांक्षा विश्वकर्मा ने बताया कि राजनांदगांव के फव्वारा चौक स्थित दंतेश्वरी मंदिर में संध्या 6 से 7 बजे तक प्रशिक्षण चलेगा जिसमें सभी उम्र के लोगों को संस्कृत वार्तालाप सिखाया जाएगा। जिला प्रशिक्षण प्रभारी नीलम श्रीवास्तव ने बताया कि शिविर में संस्कृत खेल और मनोरंजन से संबंधित प्रशिक्षण दिये जाएंगे। संस्कृत भारती के नगर अध्यक्ष डॉ.शंकर मुनि राय ने इस संबंध में बताया कि दस दिन के इस कार्यक्रम के लिए पाठ्यक्रम तैयार कर लिए गए हैं। शिविर का उद्देश्य लोगों को संस्कृत में बातचीत करने के लिए प्रेरित करना है। शिविर के अंतिम दिन सभी को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।

# मुख्यमंत्री ने सार्थक एवं रक्षक अभियान का किया शुभारंभ



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के 15 वें स्थापना दिवस समारोह के मौके पर बाल अधिकारों के प्रति जागरूकता लाने के लिए सार्थक एवं रक्षक अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राजधानी रायपुर स्थित पंडित दीनदयाल आडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य के सुदूर अंचलों में बाल अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि सार्थक एवं रक्षक जैसे नये अभियान जनमानस में बच्चों के अधिकारों के लिए जागरूक करने में कारगर सिद्ध होंगे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही सशक्त समाज का निर्माण हो सकता है। छत्तीसगढ़ राज्य के सुदूर अंचल खासकर बस्तर एवं सरगुजा संभाग में कम उम्र में ही बच्चे कामकाज की तलाश में अन्य शहरों के तरफ चले जा जाते हैं, पर जानकारी के अभाव में कई बार शोषण के शिकार हो जाते हैं। आयोग की जिम्मेदारी है कि ऐसे बच्चों का चिन्हांकन कर उन्हें रोजगार से जोड़ते हुए शासन की योजनाओं से लाभ दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बच्चों और युवाओं पर केन्द्रित अनेक योजनाएं संचालित कर रही है। हमारी सरकार गांव-गांव तक स्कूल, कॉलेज, कोचिंग की सुविधा मुहैया करा रही है। इसके साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में प्रयास, नालन्दा परिसर एवं दिल्ली में ट्राईबल यूथ हॉस्टल जैसे कार्यों के माध्यम से छात्रों को अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

**○ बाल अधिकारों के प्रति जागरूकता लाने, राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की पहल**
**○ आयोग के 15 वें स्थापना दिवस पर पुलिस जवान, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और छात्राएं हुईं सम्मानित**

छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष श्रीमती वर्णिका शर्मा ने आयोग की कार्यो की विस्तार से जानकारी दी। गौरतलब है कि सार्थक अभियान बाल अधिकारों के प्रति जागरूकता लाने एवं रक्षक अभियान विश्वविद्यालयों में बाल अधिकार संरक्षण कानूनों की विशेष जानकारी प्रदान करने के लिए संचालित की जा रही है। आयोग के स्थापना दिवस समारोह में बाल अधिकारों की जागरूकता के लिए बेहतर कार्य करने वाले पुलिस के जवानों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं छात्राओं को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की नई मार्गदर्शिका बुकलेट, रक्षक बुकलेट एवं गुड टच, बेड टच सेफ टच, मानव तस्करी, एवं शिक्षा के अधिकार पर आधारित कार्टून पुस्तकों का भी विमोचन किया गया।

इस अवसर पर विधायक सर्वश्री सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा, गुरु खुशवंत साहेब, नागरिक आपूर्ति निगम अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ सलीम राज सहित अनेक जनप्रतिनिधि और आयोग से जुड़े संगठन और सामाजिक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# लखोली जनता कालोनी वार्ड नं 31 में 33 लाख से अधिक रूपये का होगा विकास कार्य



राजनांदगांव (दावा)। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा स्वीकृत राशि तथा विधायक डॉ. रमन सिंह व सांसद संतोष पाण्डे की अनुशंसा से शहर के 51 वार्डो में विभिन्न विकास कार्य कराये जा रहे है। विकास कार्य कड़ी में जनता कालोनी वार्ड में 33.30 लाख रूपये से अधिक के विकास कार्यो में दो स्थानों पर 10 व 7 लाख रूपये की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण, 13 लाख रूपये की लागत से दो रोड में सीमेंटिकरण एवं नाली निर्माण तथा 3.30 लाख रूपये से उद्यान उन्नयन व 3 लाख रूपये से ही शेड निर्माण कराया जाना है। जिसके लिए आज भूमिपूजन किया जा रहा है। जनता कालोनी में आज आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में अपने उद्बोधन में उक्त बाते बोलते हुए महापौर मधुसूदन यादव ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव की सोच कि प्रदेश के निकाय क्षेत्रों में मूलभूत सुविधा सहित अन्य आवश्यक सुविधा के हर कार्य हो। जिसके लिए उन्होंने राशि स्वीकृत की और स्वीकृति अनुसार राजनांदगांव नगर निगम के वार्डो में विकास कार्य कराए जा रहे है। उन्होंने कहा कि सभी कार्य जल्द प्रारंभ किया जाएगा ताकि वार्डवासियों को इसका लाभ मिल सकें।

**वार्ड में आयोजित कार्यक्रम में महापौर ने किया भूमिपूजन**

आज जनता कालोनी में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में महापौर श्री यादव ने महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य डीलेश्वर प्रसाद साहू, राजा माखिजा, राजेश जैन रानू, संबंधित वार्ड की पार्षद श्रीमती रीना ओमप्रकाश सिन्हा, पार्षद श्रीमती गिरजा संतोष निर्मलकर, चंद्रशेखर लश्करे, संतोष साहू, श्रीमती खेमीन राजेश यादव, रवि सिन्हा, सतीश साहू, संदीप बघेल, पूर्व पार्षद विजय राय, शरद सिन्हा व गप्पू सोनकर की उपस्थिति में पूजा अर्चना कर विकास कार्यो का भूमिपूजन किया। भूमिपूजन के पूर्व वार्ड के जगदीश दुबे, विजय सिन्हा, भावेश दुबे, सुमित आजमानी आदि के द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। इस अवसर पर उप अभियंता अशोक देवांगन सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

## अनमोल दावा

> समुद्र के पानी को सुखाया नहीं जा सकता है, उसी तरह ज्ञानी व्यक्ति को भी नहीं हराया जा सकता।

## लाखों सपने साकार करेगी वंदे भारत, राष्ट्र का भी होगा विकास

कश्मीर की वादियों तक पहुंची रेललाइन केवल पटरियों का जोड़ नहीं है। यह असमान अवसरों को समान मंच पर लाने की एक मौन क्रांति है। यह उस अंतर्संबंध को भी पुनर्स्थापित करती है जिसमें भारत का हर कोना एक-दूसरे से भावनात्मक और सांस्कृतिक रूप से जुड़ा हुआ है। वंदे भारत एक्सप्रेस के उद्घाटन के साथ ही जैसे घाटी की खिड़कियां खुल गई हैं।

गरिमा गुप्ता और दुष्यंत कुमार राय। पहलगाम में भारत की सामूहिक चेतना पर एक गहरे, दर्दनाक आघात और उसकी पीड़ा के बीच पिछले दिनों जब कश्मीर घाटी में वंदे भारत एक्सप्रेस की सीटी गूंजी तो यह मात्र एक ट्रेन की उद्घोषणा नहीं थी। यह कश्मीर घाटी में 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के प्रधानमंत्री मोदी के मंत्र का साक्षात रूप था। प्रधानमंत्री की ओर से कटड़ा से श्रीनगर तक वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाना बस एक रेलगाड़ी के संचालन के शुभारंभ का नहीं। यह उस वंचित और आहत भू-भाग के पुनः भारत की मुख्यधारा से जुड़ने का प्रतीक है, जिसकी घाटियां अनुच्छेद 370 हटने के पूर्व वर्षों तक न केवल भौगोलिक रूप से, बल्कि मानसिक रूप से भी देश के शेष भाग से कटी थीं।

कश्मीर तक रेल पहुंचना केवल भौगोलिक नहीं, सांस्कृतिक, शैक्षिक और मानसिक दूरी को पाटने का राष्ट्रीय प्रयास है। दर्जनों सुरंगों और पुलों से गुजरती इस रेललाइन पर स्थित टी-49 सुरंग भारत की सबसे लंबी रेलवे सुरंग है, जो करीब 13 किमी लंबी है। चिनाब नदी पर बना रेल पुल तो विश्व का सबसे ऊंचा रेलवे आर्च ब्रिज है। यह पुल मात्र स्टील और कंक्रीट का ढांचा नहीं, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के नेतृत्व में भारतीय रेल की अद्वितीय उपलब्धि है। यह बदलते भारत की संकल्पशक्ति और सामर्थ्य का परिचायक है। इसके माध्यम से अब प्रत्येक नागरिक तक पहुंच को लक्ष्य बनाया गया है, चाहे वह पर्वतीय भू-भाग में स्थित हो या दिल्ली से दूर किसी सीमांत गांव में। 2024 में भारत सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, जम्मू- कश्मीर से साठ हजार से अधिक छात्र उच्च शिक्षा के लिए राज्य के बाहर गए। इनमें आधे से अधिक पंजाब और दिल्ली के आसपास गए। ये छात्र कई बार मौसमी अवरोधों और असुरक्षित सड़क मार्ग का सामना करते थे। पिछले कुछ वर्षों में मौसम की मार के कारण सड़क परिवहन प्रतिवर्ष औसतन महीने भर से अधिक बंद रहा। ये बंद राजमार्ग विद्यार्थियों की उपस्थिति, परीक्षा और समग्र शैक्षिक प्रवाह को बाधित करते हैं। यह देखा गया है कि सामाजिक असमानता की पहली रेखा स्कूल की चौखट पर खिंचती है। आवागमन की समस्या गंभीर हो तो, अभिभावक बच्चों को पढ़ने के लिए भेजने से कतराते हैं। लड़कियों का शिक्षा के लिए संघर्ष तो और कठिन हो जाता है।

## कविता

### मौत हमसफर

जिन्दगी है एक सुहाना सफर,
कब आ जाए मौत किसी को नहीं खबर।
जिंदगी में हर कोई सफर करता है,
अपनों के लिए जीता और मरता है।
हवाई - सफर विज्ञान का तकनीकी तराना है।
दूरियों को कम - समय में मिटाना है।
कब क्या हो जाए किसी को नही खबर।
जिंदगी है एक सुहाना सफर।
ऐसा भी होता है आसमानी उड़ान।
प्रेम - प्यार के रिस्तो को दे जाता है आसमान
मौत को फकत इशारा चाहिए यमराज का ।
बच गया उसे आशीर्वाद मिला भगवान का
कई जप-तप, उपवास से मिले हैं अपने,
मेंहदी महावर सजाकर भूनें थे सपने
भूले रहे मौत से होकर बेखबर।
जिंदगी है एक,,,,,,,,
जिन्दगी में रंग भरने जा रहे थे पश्चिम शहर।
आग - के गोला में तब्दील हो
टूटा मौत का कहर।
न रूठना न रूठने देना किसी रिस्ते को।
जानलेवा सफर रुलाता हर जिन्दगी को।
आये थे - तुम्हे लेने अनेको जजबात लेकर।
छिन गई सांसे हादसे का नाम देकर।
जिंदगी है एक सुहाना सफर,
कब आ जाए मौत किसी को नहीं खबर।।



मानसिंह ''मौलिक''
महामाया चौंक
बसंतपुर
राजनांदगांव

# संवाद से समाधान है अहिंसक क्रांति का शंखनाद

-: देवेन्द्र ब्रह्मचारी -:





लंबे समय से दुनिया में युद्ध का माहौल बना हुआ है। रूस-यूक्रेन, इजरायल-हमास और अब इजरायल-ईरान के बीच विनाशकारी युद्ध के साथ-साथ परमाणु युद्ध की संभावनाओं ने मनुष्य जीवन के अस्तित्व पर संकट के बादल गहरा दिये हैं। देश और दुनिया का जीवन जहां हिंसा, युद्ध और आतंकवाद के सूली पर चढ़ा हुआ है, वहीं विकृतियां एवं विसंगतियां के कोहराम में जीवन मूल्य, आस्था और अहिंसा दम तो? रही है। इन विषम स्थितियों में प्रश्न है कि मानवता को बचाने के लिए कौन आगे आएगा? कौन मानवता के लिए त्राण बनेगा? कौन विध्वंस और विनाश से बचायेगा? इन संकटकालीन स्थितियों में एक रोशनी है भगवान महावीर। इन जटिल से जटिलतर होते हुए माहौल में भगवान महावीर के अहिंसा एवं शांति संदेश को देश और दुनिया में पहुंचाने के लिए महावीरायतन फाउंडेशन के तत्वावधान में 'संवाद से समाधान' एक परिचर्चा की श्रृंखला प्रारंभ की गयी है, जिसके अंतर्गत 23 जून 2025 को आर्थिक राजधानी मुंबई में एक अहिंसा का शंखनाद होने जा रहा है, जिसमें लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिड़ला मुख्य अतिथि तथा महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस विशिष्ट अतिथि होंगे। जैन श्रद्धालु बड़ी संख्या में तीर्थंकर भगवान महावीर की शिक्षाओं से प्रेरित होकर समाज, राष्ट्र एवं दुनिया में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में कार्यरत होने के लिए संकल्पित होंगे।

आदि तीर्थंकर ऋषभ की परम्परा के ही अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर सिर्फ जैनियों के लिए ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण मानव समाज के पूजनीय है। महावीर की शिक्षाओं की उपादेयता सार्वकालिक, सार्वभौमिक एवं सार्वदेशिक है, दुनिया के तमाम लोगों ने इनके जीवन एवं विचारों से प्रेरणा ली है। सत्य, अहिंसा, अनेकांत, अपरिग्रह ऐसे सिद्धान्त हैं, जो हमेशा स्वीकार्य रहेंगे और विश्व मानवता को प्रेरणा देते रहेंगे। महावीर का संपूर्ण जीवन मानवता के अभ्युदय की जीवंत प्रेरणा है। लाखों-लाखों लोगों को उन्होंने अपने आलोक से आलोकित किया है। इसलिए महावीर का धर्म एवं दर्शन आज के हिंसा, युद्ध, आतंक एवं आर्थिक विषमता के दौर में ज्यादा जरूरी है। समय के आकाश पर आज अनगिनत प्रश्नों का कोलाहल है। महावीर ने जो उपदेश दिया हम उसे आचरण में क्यों नहीं उतार पाए? मानवीय मूल्यों के प्रति आस्था और विश्वास कमजोर क्यों पड़ा? ये ऐसे प्रश्न हैं जो हमारे जीवन को जटिल और समस्याग्रस्त बना रहे हैं। मनुष्य जिन समस्याओं से और जिन जटिल परिस्थितियों से घिरा हुआ है उन सबका समाधान महावीर के दर्शन और सिद्धांतों में समाहित है। भगवान महावीर के कालजयी सिद्धांत 'जीयो और जीने दो' तथा भारतीय मनीषा के मंत्र 'वसुधैव कुटुम्बकम्' के आलोक में समकालीन राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय युद्ध, आतंकवाद एवं हिंसा की ज्वलंत समस्याओं के समाधान के साथ-साथ सामाजिक और मानवीय मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श-महामंथन का यह एक अनुष्ठान है, विमर्श-कुंभ है। जिससे युद्ध के माहौल में अयुद्ध, हिंसा नहीं अहिंसा, अमानवीयता नहीं मानवीयता का संदेश दिया जाएगा। हर व्यक्ति के दिमाग में एक समस्या है और हर व्यक्ति के दिमाग में एक समाधान है। एक समस्या को सब अपनी समस्या समझे और एक का समाधान सबके काम आए। समाधान के अभाव में बढ़ती हुई समस्या संक्रामक बीमारी का रूप न ले सके, इस दृष्टि से आज की समस्याओं का समाधान आज प्रस्तुत करने के ध्येय के साथ 'संवाद से समाधान' कार्यक्रमों की शृंखला प्रारंभ की गयी है। अस्तित्व को पहचानने, दूसरों के अस्तित्वों से जुड़ने, सामाजिक पहचान बनाने, अपने अस्तित्व को समाज, देश और राष्ट्र के लिए उपयोगी बनाने के लिए यह विशिष्ट उपक्रम अस्तित्व में आया है। जिसके साथ देश और दुनिया की सकारात्मक और अहिंसात्मक शक्तियों को जोड़ा गया है। समाज में नई मूल्यों की स्थापना कर उसे सुंदर शक्ल देने की जिम्मेदारी इस उपक्रम पर है। आम आदमी कोई बड़ी लकीर नहीं खींच सकता। वह निर्धारित नीतियों पर चल सकता है, पर कुछ नया करने का साहस उसमें नहीं होता है। इसी दृष्टि से यह आवश्यक प्रतीत होता है कि देश और दुनिया की सकारात्मक शक्तियां एकत्रित होकर सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और वैश्विक स्थितियों और मूल्यों के विषय में चिंतन करे और आने वाली पीढ़ी के लिए ठोस धरातल का निर्माण करे। इस दृष्टि से भगवान महावीर का दर्शन सर्वाधिक कारगर और उपयोगी है।

'संवाद से समाधान' का मुख्य उद्देश्य महावीर के संदेशों को देश और दुनिया में पहुंचाना एवं देश और दुनिया की जटिल समस्याओं से निपटने का प्रयास करना है। युगीन मनोरचना में अनुशासन के स्थान पर स्वच्छंदता, त्याग के स्थान पर भोगवाद, संयम के स्थान असंयम, अहिंसा के स्थान पर हिंसा अधिक सक्रिय है। ऐसी स्थितियों में सकारात्मक शक्तियां किस तरह से सामाजिक अनुशासन, अहिंसा, संयम में अपना योगदान दे सकती है? इन शक्तियों को विनयजीवी बनना होगा। वे महावीर मनीषा तक पहुंचकर नई दृष्टि प्राप्त करे। वे इस बात को समझें कि अक्षर के बिना भी अक्षय की साधना हो सकती है। शब्दों की सिद्धि के बिना शब्द भी व्यर्थ हो जाते हैं। देश की युवापीढ़ी को बुद्धि के साथ करुणा, अहिंसा एवं शांति की लोकयात्रा के लिए आगे बढ़ाना है।

युग की समस्याओं के लिए महावीर ही क्यों? भगवान महावीर में ज्ञान, दर्शन, चारित्र, तप और संयम के सभी तत्वों का समाहार है। महावीर ऐसा शब्द है जो अखण्ड व्यक्तित्व का प्रतीक है। 'संवाद से समाधान' के रूप में जो अभियान शुरू हो रहा है वह अखण्ड व्यक्तित्व के निर्माण की योजना है। वह अहिंसक और शांति प्रिय मनुष्य के निर्माण की योजना है। वह आध्यात्मिक और वैज्ञानिक व्यक्तित्व के निर्माण की योजना है। खण्डित व्यक्तित्व समस्याएं पैदा करता है। बुद्धि निर्माणकारी ही नहीं विध्वंसक भी है। बुद्धि के साथ नेगेटिव एटीच्यूड जु?ने से खतरे ज्यादा ब? गये हैं। बुद्धि के साथ भावनात्मक विकास हो तो वह कामधेनु बन सकती है। आज समूची दुनिया में मानवीय एकता एवं चेतना के साथ खिलवा? करने वाली त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण परिस्थितियां सर्वत्र परिव्याप्त हैं-जिनमें आतंकवाद सबसे प्रमुख है। जातिवाद, अस्पृश्यता, सांप्रदायिकता, महंगाई, गरीबी, भिखमंगी, विलासिता, अमीरी, अनुशासनहीनता, पदलिप्सा, महत्वाकांक्षा, उत्पीड़न और चरित्रहीनता आदि अनेक परिस्थितियों से मानवता पीड़ित एवं प्रभावित है। उक्त समस्याएं किसी युग में अलग-अलग समय में प्रभावशाली रहीं होंगी, इस युग में इनका आक्रमण समग्रता से हो रहा है। आक्रमण जब समग्रता से होता है तो उसका समाधान भी समग्रता से ही खोजना पड़ता है। हिंसक परिस्थितियां जिस समय प्रबल हों, अहिंसा का मूल्य स्वयं बढ़ जाता है।

'संवाद से समाधान' एक ऐसा राष्ट्रीय मंच है जहां धर्म, समाज, शासन, शिक्षा और उद्योग जगत के विभिन्न आयामों से जुड़े विचारक व संत, संवाद के माध्यम से समाधान की खोज करते हैं। इसका उद्देश्य है संवाद के जरिये करुणा, अहिंसा, समरसता और नैतिकता के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाना। यह केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि एक राष्ट्रव्यापी एवं अंतरराष्ट्रीय अभियान की शुरुआत है, जो भारत के विभिन्न राज्यों और विश्व के अनेक देशों में करुणा और शांति का संदेश लेकर पहुंचेगा। भविष्य की अजानी राहों में पांव रखते समय यदि हम महावीर की शिक्षाओं का आलोक साथ में रख पाये तो उस मार्ग में कहीं भी अवरोध नहीं आएगा।

महावीरायतन फाउंडेशन अपनी विविध मानव कल्याणकारी एवं अहिंसा-शांति की गतिविधियों के लिए प्रयासरत है। हिंसा, युद्ध एवं आतंकवाद के नियंत्रण के लिए महावीर के अहिंसा एवं समाज दर्शन को कारगर मानते हुए इस बहुआयामी आयोजन की परिकल्पना की गयी है। यह आयोजना 'सच्चं लोयम्मि सारभूमं' का उच्चारण है। किसी भी समाज में बिखराव की स्थिति होती है तो उसकी क्षमताओं का पूरा उपयोग नहीं हो सकता। उपयोग के लिए क्षमताओं को केन्द्रित करना जरूरी होता है। समाज का हर व्यक्ति अपने आप में एक शक्ति है। इस शक्ति को काम में लेने से पहले उसे संकल्पित और एकात्ममुख करना जरूरी है। जैन समाज आस्थाशील समाज है। आस्था के धागे में बंधा हुआ समाज कठिन से कठिन चढ़ाई के मार्ग पर भी आरोहण करने में सफल हो सकता है। समाज केवल धर्म के आधार पर नहीं चलता।

उसे धार्मिक चेतना के साथ सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक चेतना की भी अपेक्षा रहती है। इस बहुमुखी चेतना को स्वर देने के लिए ही 'संवाद से समाधान' की योजना अस्तित्व में आयी है। लाखों लोगों के समाज में किसी कोने में कोई स्वर उभरे और वह वहीं खो जाये तो उस स्वर का कोई अर्थ नहीं रह जाता। एक स्वर लाखों लोगों का स्वर बने तो उसमें एक शक्ति पैदा होती है। ऐसी शक्ति जो सारे संसार को हिला सके, यह तभी हो सकता है जब एक स्वर लाखों लोगों तक पहुंच जाए, देश और दुनिया तक पहुंच जाए। इसी ध्येय से 'संवाद से समाधान' वर्तमान की एक ठोस उपलब्धि बनने की ओर अग्रसर है। यह समस्याग्रस्त दुनिया के लिए एक कल्पवृक्ष की भांति है। कल्पवृक्ष की छांव में रहने वाले लोग पूरी तरह से निश्चिंत रहते हैं।

**1 ए-9, विंग 501, सिद्धार्थ नगर,
बिल्डिंग नं. 2 सीएचएस लि., खाटू मिल लेन,
बोरीवली-ईस्ट मुम्बई-400066, मो. 9967296666**

## विचार सरिता

# जीवन सूत्र : या तो सफलता मिलेगी या एक बार फिर प्रयास करना होगा

डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय



मनुष्य इसलिए अकारण हाथ पर हाथ धरा बैठा रहता है कि वह कोई काम हाथ में क्यों ले? वह उस काम में असफल हो सकता है। खाली बैठे रहने से बेहतर है कि मनुष्य काम करे। असफलता के डर से कोई कार्य शुरू न करने से बेहतर है, कार्य को हाथ में लेना।

निष्क्रिय बैठे रहने में ठहराव है, जड़ता है। सक्रिय रहना और निरंतर उद्यम करते रहना हमारे स्वास्थ्य के लिए भी अच्छा है। इससे शरीर गतिशील और कार्यक्षम बना रहता है। शरीर के अंग क्रियाशील रहते हैं। इससे हमारे हाथ-पैर सुन्न नहीं होंगे। मस्तिष्क भी क्रियाशील रहेगा। अगर मानसिक संकल्प के साथ कोई नया कार्य हाथ में लेना हो, तो उसमें भी यही बात लागू होती है। ऐसे कार्य में योजना बनाने और उसके क्रियान्वयन में हमारी बुद्धि का समुचित उपयोग होता है। मन दृढ़ प्रतिज्ञ रहता है और हृदय इस कार्य को करने में आनंद का अनुभव करता है।

कोई कार्य प्रारंभ करने पर आगे अलग-अलग तरह की परिस्थितियाँ निर्मित हो सकती हैं।

वह कार्य पूर्ण होगा और आप अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लेंगे। हो सकता है, ऐसा न हो और वह कार्य असफल हो जाए। प्रथम स्थिति में सफलता, लाभ और यश की प्राप्ति होगी। दूसरी स्थिति में आपको उस कार्य को पूर्ण करने का एक और अवसर उपलब्ध हुआ है। अतःआत्मविश्वास और मनोबल बनाए रखकर कार्य पुनः आरंभ करें। सफलता अवश्य मिलेगी। तीसरा विकल्प दुःखी, चिंतित, अवसादग्रस्त बैठे रहना है, जो अस्वीकार्य है। तो देर किस बात की? पुनः बिना अधिक देर किए अपने काम में जुट जाएँ।

**स्रोत श्लोक:-**

*गीता में भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन से कहा है-*
*हतो वा प्राप्स्यसि स्वर्गं जित्वा वा भोक्ष्यसे महीम्।*
*तस्मादुत्तिष्ठ कौन्तेय युद्धाय कृतनिश्चयः।(2.37)।*

शूरवीरोंके साथ युद्ध करने पर या तो तू युद्धमें मारा जाकर स्वर्गको प्राप्त होगा अथवा संग्राममें जीतकर पृथ्वीका राज्य भोगेगा।इस कारण हे अर्जुन ! तू युद्धके लिए कृतसंकल्प होकर खडा हो जा ।

## कविता

### आगे संगी असाढ़ के महीना

आगे -आगे संगी असाढ़ के महीना।
बरसही जम के बादर पानी,
जिवरा सबके जुड़ा जाही ना।
आगे - आगे संगी,,,,,
चमचम चमचम, बिजली चमकही
छाही करिया बादर
रदरद - रदरद पानी गिरही
भरही डोली डांगर
जाही सुग्घर खेत किसान हा
धरके बइला नांगर
मेड़ पार बइठ, खाही बासी
टोर कमाही जांगर
नंदिया नरवा मा बाढ़ आ जाही ब ना,।
आगे आगे संगी ..........
टरर-टरर मेचका करही
झिंगुर सुर ल लमाही,
एती-ओती पिटपिटी सांप अउ
ढोढ़ीया ह सुलमुलाही।
गाय गरू मन जाही बरदी
बछरू ह मेछराही।
बत्तर कीरा मन, देख बिजुरी
आघू मा झपाही
सुग्घर हरियर- फरियर मन हो जाही ना।
आगे आगे संगी...........
रूख राई सब झुमही नाचही
बादर बाजा बजाही
चिरई चुरगुन मन फुरूर-फुरूर
गजबेच मुचमुचाही
कोयली करही कुहू-कुहू
बेंदरा धूम मचाही
मरय नहीं कोनो पियासा
सबके सुसी बुताही
प्रकृति करही सोलहो सिंगार
सबके मन ला भाही ना।।
आगे आगे संगी असाढ़ के महीना।
बरसही जम के बादर, पानी,
सबके जिवरा जुड़ा जाही ना।।



**अमृत दास साहू**
ग्राम - कलकसा, डोंगरगढ़
जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)

## सामयिक चर्चा

### कह नहीं सकता

बानी बोले - गजाधर!
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने
अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर
एक और अग्र सम्मान हासिल किया हैं
साइप्रस के राष्ट्रपति
निकोस क्रिस्टो डौलिडेस ने
मोदी जी देश का
सर्वोच्च नागरिक सम्मान
'ग्रैंड क्रॉस आफ द आर्डर आफ मकारियोंस
सम्मानपूर्वक दिया है।
प्रधानमंत्री मोदी जी ने
विनम्रता पूर्वक सम्मान स्वीकारते हुए
इसे देश की 140 करोड़ जनता को
समर्पित किया है।
तो गजाधर! 140 करोड़ जनता में
तो कांग्रेसी भी आते हैं न!
मतलब मोदी जी ने अपना सम्मान,
स्वाभाविक है, कि कांग्रेसियों को भी दिया!''
गजाधर मुस्कराए, बोले-
''हाँ! तुम ठीक कहते हो बानी!
पर मैं यह नहीं कह सकता
कि मोदी जी ने साइप्रस से प्राप्त अपना सम्मान,
जो कांग्रेसियों को भी समपर्ति किया,
उसे कांग्रेसियों ने,
लिया या नहीं लिया!''



**गिरीश बख्शी**

## लघु व्यंग्य

### पागल से सावधान..!

एक हैं बुद्धिराम जी. उन्होंने अपना नामकरण स्वयं किया है. वे अपने गांव के पहले और अंतिम मैट्रिक फेल हैं. गांव इतना अनुशासित है कि गांव भर के लोग उन्हीं के अनुसार दिनरात होना मानते हैं. बुद्धिराम का पहला ज्ञान और तर्क है दूसरे को अज्ञानी मानना. उनका यह सिद्धांत उनके गांव में खूब चलता है. वे अपने गांव को एक नगर और फिर किसी दुनिया से कम नहीं मानते हैं. जाहिर है कि वे अपने तथाकथित गांव-लोक के सबकुछ हैं.

कल बाजार में मिल गए तो किसी ग्रामीण ने मुझसे परिचय कराया. मैंने हाथ जोड़कर अभिवादन किया तो वे जोर-जोर से न-मस्ते, न-मस्ते बोल गए. फिर उन्होंने मेरा टेस्ट शुरू करते हुए पूछा कि आज कौन सा दिन है?

मैंने रविवार बताया तो हंसने लगे और मुझे गलत साबित करते हुए बोले-''नहीं, कल, शनिवार था और अगले कल को सोमवार होगा.''

उनका यह तर्क सुनकर उनका मित्र खुशी से पागल होने लगा.

फिर बुद्धिराम जी ने मेरी श्रीमतीजी से पूछा कि गहने क्यों पहनती हैं? श्रीमतीजी ने दो-चार वाक्यों में उत्तर दिए तो संतुष्ट नहीं हुए. फिर एक-एक गहने के बारे में पूछने लगे. सबके जवाब उन्हें दिए गए पर वे संतुष्ट नहीं हुए. फिर वे दुखी होकर बोले कि हमें गहने पसंद नहीं हैं, ये सब बेकार चीजें हैं. मुझे बुधिराम जी का दुःख देखा नहीं गया तो पूछ दिया कि आप कपडे क्यों पहनते हैं? यह सुनकर वे चौंक गए. फिर मैंने उनके घर की औरतों के बारे में पूछा कि वे वस्त्र पहनती हैं कि नहीं? वे थोड़ा और चौंक गए तो मैंने औरतों के एक-एक वस्त्र का नाम लेकर पूछना शुरू किया कि ये सब पहनती हैं या नहीं. यदि नहीं तो क्यों और हाँ तो क्यों?



ये सब सुनकर वे बुरा मान गए. मुझे गाली देने लगे और अपने गांव में सभी को बताने चले गए कि बाजार में एक पागल घूम रहा है, उससे सावधान रहना.

**शंकर मुनि राय**
**विभागाध्यक्ष-हिंदी शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय,
राजनांदगांव (छत्तीसगढ़), कानाफूसी - 9893863548**

## राशिफल

**मेष** — आज का दिन आपका उतार-चढ़ाव से भरा रहेगा. स्वास्थ्य को लेकर कुछ परेशान रह सकते हैं. व्यापार-व्यवसाय में नुकसान का सामना करना पड़ सकता है. विरोधी वर्ग सक्रिय होंगे. परिवार में आपसी मतभेद बढ़ सकते हैं. पत्नी से वाद विवाद हो सकता है।

**वृष राशि** — आज आप अपने स्वास्थ्य में गिरावट महसूस करेंगे. किसी विशेष बात को लेकर आप आज मानसिक तौर से परेशान रह सकते हैं. व्यापार-व्यवसाय में कोई नया कार्य आज शुरू न करें. व्यापार में कोई बड़ा जोखिम न उठाएं. परिवार में पत्नी से मतभेद हो सकते हैं.

**मिथुन** — आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा. कोई रुका हुआ पुराना काम आज पूरा होगा. स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव दिखाई पड़ेगा. व्यापार-व्यवसाय में आर्थिक स्थिति मजबूत होगी. कोई नया कार्य आज आप शुरू कर सकते हैं. परिवार में मांगलिक कार्य का योग बनेगा. आप किसी धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं.

**कर्क** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा. किसी धार्मिक यात्रा आदि पर जा सकते हैं. कोई व्यक्ति विशेष से मिलना होगा, जिससे आगामी समय में लाभ के योग बनेंगे. आप व्यापार-व्यवसाय में कोई नया काम शुरू कर सकते हैं. कोई बड़ी डील या पार्टनरशिप आज आपको मिल सकती है.

**सिंह** — आज आप किसी पुराने मित्र से मिल सकते हैं, जिस कारण मन प्रसन्न रहेगा. स्वास्थ्य को लेकर परिवार में कुछ परेशानियां महसूस होंगी. व्यापार-व्यवसाय में सहयोगी लोगों से वाद विवाद हो सकता है, जिस कारण व्यापार में नुकसान के चांस है. परिवार में आपसी मतभेद बढ़ सकते हैं.

**कन्या** — आज का दिन आपका अच्छा रहने वाला है. सोचे हुए कार्य पूर्ण होंगे. स्वास्थ्य में लाभ प्राप्त होगा. किसी अपने से मिलना होगा. परिवार में कोई सुख समाचार प्राप्त होगा. व्यापार-व्यवसाय में रुका हुआ कार्य पूर्ण हो सकता है. कोई नया काम आज आप शुरू कर सकते हैं. परिवार में मांगलिक कार्य के योग बनेंगे.

**तुला** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा. आप नौकरी आदि के लिए प्रयास कर रहे हैं, तो आज आपको सफलता मिलेगी. स्वास्थ्य को लेकर थोड़ा संभलकर रहें. स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार में कोई सुखद समाचार प्राप्त होगा. आप किसी विशेष कार्य का शुभारंभ आज कर सकते हैं.

**वृश्चिक** — आज आपका कहीं अपने परिवार के साथ बाहर जाना हो सकता है. परिवार के लोगों के साथ आज का समय अच्छा बीतेगा. आज कोई बड़े काम का ऑफर आपको मिल सकता है, जिस कारण घर में प्रसन्नता का माहौल रहेगा. नौकरी आदि में अधिकारी वर्क का सहयोग मिलेगा.

**धनु** — आज आप कोई बड़ा काम शुरू न करें. नहीं तो हानि उठाना पड़ सकती है. विशेषकर कर्ज से बचें. स्वास्थ्य को लेकर कुछ समस्याएं उत्पन्न होंगी. पत्नी का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है. व्यापार में सहयोगी लोगों के साथ छोड़ने से धन हानि होगी. परिवार में कोई नया मेहमान आएगा.

**मकर** — आज आप कोई नया वाहन खरीद सकते हैं साथ ही स्वास्थ्य में आज आपको लाभ महसूस होगा. व्यापार-व्यवसाय में सहयोगियों का सहयोग मिलेगा. आपको कोई बड़ा काम कार्यक्षेत्र में आज मिल सकता है. नौकरी वर्ग वालों को पदोन्नति मिल सकती है. परिवार में माहौल शानदार रहेगा।

**कुंभ** — आज का दिन आपके लिए शुभ सूचक होगा। परिवार में पुत्र आदि का जॉब लग सकती है. कोई सुखद समाचार आज आपको मिलेगा. स्वास्थ्य में कुछ नरमी रहेगी. परिवार में मांगलिक कार्य का योग बनेगा. साथ ही मित्र और परिवार के लोगों का आर्थिक सहयोग आज आपको मिल सकता है.

**मीन** — आज आप ससुराल पक्ष से आर्थिक मदद प्राप्त कर सकते हैं. पत्नी से मतभेद दूर होंगे. साथी कोई नई खुशखबरी आपको मिल सकती है. परिवार में माहौल आपके पक्ष में रहेगा. व्यापार-व्यवसाय में कोई नई कार्ययोजना आज बन सकती है. न्यायालय पक्ष में विजय होगी.

# पहला कॉलम...

## एयरपोर्ट यूनिट का आईपीओ लाने की तैयारी में अडाणी समूह

मुंबई। गौतम अडाणी भारत के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति हैं. अब अडाणी भी आईपीओ की दौड़ में शामिल होने की योजना बना रहे हैं. ब्लूमबर्ग की लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार अडाणी समूह 2027 तक अपनी एयरपोर्ट यूनिट के लिए आईपीओ की योजना बना रहा है. यह एक विकास रणनीति का एक हिस्सा है, जिसमें आने वाले वर्षों में अलग-अलग बिजनेस में 100 बिलियन डॉलर का निवेश करना शामिल है. भारत की सबसे बड़ी निजी क्षेत्र की एयरपोर्ट ऑपरेटर अडाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स का डिमर्जर और लिस्टिंग मार्च 2027 तक होने की उम्मीद है. अडाणी समूह के अधिकारियों ने ब्लूमबर्ग को बताया है. अडाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स का स्वामित्व फिलहाल अडाणी एंटरप्राइजेज के पास है और यह आठ भारतीय हवाई अड्डों का संचालन करती है. कुछ महीनों में कंपनी मुंबई के बाहरी इलाके में एक नया टर्मिनल खोलेगी.

इसके अलावा अडाणी समूह ने पूंजीगत खर्च की गति को तेज कर दिया है और अगले पांच से छह वर्षों में 100 बिलियन डॉलर खर्च करने का इरादा रखता है, जबकि पहले इसे एक दशक में खर्च करने की योजना थी. पूंजीगत खर्च का यूज ऊर्जा, रसद और बुनियादी ढांचा बिजनेस को बढ़ाने के लिए किया जाएगा. तेज निवेश और लिस्टिंग योजना से संकेत मिलता है कि समूह पैसे जुटाने और तेजी से विस्तार के चरण में लौट रहा है .

## 10,488 करोड़ की ब्लॉक डील की खबर से विशाल मेगा मार्ट का शेयर टूटा

मुंबई, 17 जून। खुदरा विक्रेता विशाल मेगा मार्ट लिमिटेड के शेयरों में कारोबार के दौरान 7 फीसदी से अधिक की गिरावट आई. कई उद्योग सूत्रों के अनुसार ऐसी खबरें हैं कि विशाल मेगा मार्ट की प्रोमटर यूनिट समयत सर्विसेज एलएलपी ने एक ब्लॉक डील में 10,488 करोड़ रुपये की हिस्सेदारी बेच दी है.

मंगलवार, 17 जून को ओपनिंग बेल से पहले, ब्लॉक डील विंडो में, फर्म के लगभग 91 करोड़ शेयर या 20.2 फीसदी इक्विटी का कारोबार 115 रुपये प्रति शेयर की कीमत पर हुआ. यह पिछले सत्र के समापन मूल्य से लगभग 8 फीसदी की छूट दिखाता है. विशाल मेगा मार्ट के शेयर की कीमत में अचानक गिरावट का मुख्य कारण कंपनी के प्रमोटर, समयत सर्विसेज एलएलपी द्वारा बड़ी हिस्सेदारी की संभावित बिक्री थी. रिपोर्टों से पता चला है कि समयत सर्विसेज ने ब्लॉक डील के माध्यम से कंपनी में अपनी लगभग 20 फीसदी इक्विटी बेची है. रिपोर्ट के अनुसार, लगभग 91 करोड़ शेयरों का एक्सचेंज 115 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से हुआ, जिससे इस सौदे का मूल्य लगभग 10,488 करोड़ रुपये हो गया. हालांकि, सौदे में शामिल पक्षों के बारे में आधिकारिक जानकारी अभी तक नहीं दी गई है.

## अब सिर्फ 10 से 15 सेकंड में होगा यूपीआई पेमेंट, लागू हुआ नया नियम

नई दिल्ली। यूपीआई ट्रांजेक्शन और तेज हो गए हैं. नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने अब आदेश दिया है कि यूपीआई पेमेंट के लिए एड्रेस वेरिफिकेशन 10 सेकंड के भीतर पूरा हो जाना चाहिए. यूपीआई एक रियल-टाइम पेमेंट सिस्टम है जिसे एनपीसीआई ने मोबाइल फोन के जरिए इंटर-बैंक ट्रांजेक्शन को आसान बनाने के लिए विकसित किया है.

एनपीसीआई की ओर से जारी सर्कुलर के मुताबिक, मनी ट्रांसफर, स्टेटस चेक, रिवर्सल समेत सभी ट्रांजेक्शन अब 10 से 15 सेकंड में पूरे हो जाएंगे. पहले यह समय 30 सेकंड था. सोमवार से लागू हो गया है. यानी अब यूपीआई पेमेंट करते समय एड्रेस वेरिफिकेशन सिर्फ 10 सेकंड में हो जाएगा.

पहले यह समय 15 सेकंड था. एनपीसीआई ने बताया कि ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने के उद्देश्य से ये बदलाव लाए गए हैं. एनपीसीआई के एक अन्य सर्कुलर के मुताबिक, जल्द ही यूपीआई अकाउंट में बैलेंस चेक करने की सीमा तय की जाएगी. फिलहाल ग्राहक अपने अकाउंट में जितनी बार चाहें, बैलेंस चेक कर सकते हैं. लेकिन जल्द ही यह सीमा दिन में केवल 50 बार चेक करने की होगी. ऐसा लगता है कि ऐसा यूपीआई सिस्टम की दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से किया जा रहा है.

## शेयर बाजार, सेंसेक्स 100 अंक टूटा, निफ्टी 24,935 पर

मुंबई। कारोबारी सप्ताह के दूसरे दिन शेयर बाजार लाल निशान पर खुला. बीएसई पर सेंसेक्स 100 अंकों की गिरावट के साथ 81,695.39 पर ओपन हुआ. वहीं, एनएसई पर निफ्टी 0.04 फीसदी की गिरावट के साथ 24,935.70 पर खुला.

कारोबारी सप्ताह के पहले दिन शेयर बाजार ग्रीन जोन में खुला. बीएसई पर सेंसेक्स 677 अंकों की बढ़ोतरी के साथ 81,796.15 पर क्लोज हुआ. वहीं, एनएसई पर निफ्टी 0.92 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 24,946.50 पर बंद हुआ. एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी, ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन, हीरो मोटोकॉर्प, एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी और सिप्ला के शेयरों में 3 फीसदी तक की तेजी आई.

# नीदरलैंड और नेपाल मैच में बना वर्ल्ड रिकॉर्ड

नई दिल्ली। नीदरलैंड और नेपाल के बीच सोमवार को टी20 ट्राई सीरीज का दूसरा मैच खेला गया. इस दौरान इन दोनों टीमों में इतिहास रच दिया. इन दोनों ने वो कर दिखाया जो आज तक क्रिकेट के इतिहास में नहीं हुआ है. इस मैच में नीदरलैंड और नेपाल के बीच 3 सुपर ओवर खेले गए. उसके बाद जाकर इस मैच का रिजल्ट निकला है. इसके साथ ही पुरुष क्रिकेट में एक मैच में 3 सुपर ओवर होने का वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बन गए हैं. इस ट्राई सीरीज की तीसरी टीम स्कॉटलैंड हैं.



टी20 क्रिकेट के इतिहास में पहली बार हुए 3 सुपर ओवर, नीदरलैंड बना विनर

नीदरलैंड और नेपाल के बीच खेले गए दूसरे टी20 मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए नीदरलैंड ने 20 ओवर में 7 विकेट गंवाकर 152 बार रन बनाए. इसके बाद नेपाल की टीम भी 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 152 रन बना पाई और मैच बराबरी पर छूट गया. इसके बाद मैच का रिजल्ट पाने के लिए सुपर ओवर कराया गया.

नेपाल ने पहले सुपर ओवर में पहले खेलते हुए बिना कोई विकेट खोए 19 रन बनाए. नेपाल के लिए इसके बाद नीदरलैंड ने भी बिना कोई विकेट गंवाए 19 रन बनाए. नेपाल के लिए कुशाल भुर्टेल ने दो छक्के और एक चौका लगाया और 18 रन बनाए. इसके जवाब में माइकल लेविट ने पहली गेंद पर छक्का लगाया और 6 रन बनाए. जबकि मैक्स ओ'डॉड ने आखिरी दो गेंदों पर चौका और छक्का लगाकर कुल 12 रन बनाए.

इस मैच के दूसरे सुपर ओवर में नीदरलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए एक विकेट के नुकसान पर 1 विकेट खोकर 17 रन बनाए. नेपाल ने बिना कोई विकेट खोए 17 रन बनाकर मैच को तीसरे सुपर ओवर में पहुंचा दिया. नीदर्लैंड के लिए कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स ने 6 छक्के के साथ 9 रन बनाए. मैक्स ओ डॉड ने 6 छक्के की मदद से 7 रन बनाए. नीदरलैंड के लिए दीपेन्द्र सिंह ऐरी 10 और कप्तान रोहित पौडेल ने 7 रन बनाए.

नेपाल ने तीसरे सुपर ओवर में पहले बल्लेबाजी करते हुए कोई रन नहीं बनाया. नेपाल ने शून्य के स्कोर पर अपने दोनों विकेट खो दिए. दीपेन्द्र सिंह ऐरी 0, रोहित पौडेल 0 और रूपेस सिंह 0 के स्कोर पर पवेलियन लौट गए. नीदरलैंड के लिए माइकल लेविट ने 6 रन बनाकर मैच में अपनी टीम को जीत दिला दी.

## आईसीसी रैंकिंग में साउथ अफ्रीका ने मारी छलांग

नई दिल्ली। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का तीसरा चक्र समाप्त हो चुका है। ऑस्ट्रेलिया को हराकर साउथ अफ्रीका ने इस बार खिताब पर कब्जा किया है। लंबे समय बाद साउथ अफ्रीका ने किसी आईसीसी ट्रॉफी को अपने नाम किया है। इस बीच साउथ अफ्रीकी टीम को आईसीसी रैंकिंग में भी फायदा मिला है। टीम ने इसमें छलांग मारने में कामयाबी हासिल की है।

आईसीसी की ओर से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल होने के बाद नई रैंकिंग जारी कर दी गई है। भले ही ऑस्ट्रेलियाई टीम इसका फाइनल हार गई हो, लेकिन इसके बाद भी टीम टेस्ट रैंकिंग में पहले नंबर पर ही बनी हुई है। टीम की रेटिंग इस वक्त भी 123 की है। इस बीच साउथ अफ्रीका ने फाइनल तो जीता ही इसके साथ ही रैंकिंग में भी एक स्थान की छलांग मारी है। यानी टीम अब तीसरे नंबर से उठकर सीधे नंबर दो पर पहुंच गई है।

आईसीसी की टेस्ट रैंकिंग में साउथ अफ्रीका की रेटिंग 114 की हो गई है। हालांकि पहले और दूसरे नंबर की टीम के बीच फासला अभी भी काफी बना हुआ है। इस बीच इंग्लैंड की टीम जो इससे पहले तक दूसरे नंबर पर थी, वो अब तीसरे नंबर पर चली गई है। साउथ अफ्रीका की जीत से इंग्लैंड को एक स्थान का नुकसान हुआ है। इंग्लैंड की रेटिंग इस वक्त 113 की चल रही है। हालांकि दूसरे और तीसरे नंबर की टीम के बीच अंतर केवल एक ही रेटिंग प्वाइंट का है। इस बीच टीम इंडिया की रैंकिंग और रेटिंग में कोई असर नहीं पड़ा है। टीम अभी भी नंबर चार पर है और उसकी रेटिंग 105 की है। अब 20 जून से भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज शुरू होने वाली है। इस सीरीज के हर मैच के बाद इन दोनों टीमों की रेटिंग में असर पड़ेगा।

## रविचंद्रन अश्विन और डिंडीगुल ड्रैगन्स बॉल-टैम्परिंग के आरोपों से बरी

नई दिल्ली। भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और उनकी तमिलनाडु प्रीमियर लीग फ्रेंचाइजी डिंडीगुल ड्रैगन्स बॉल-टैम्परिंग के आरोपों से बरी हो गई है. उन्हें औपचारिक रूप से उनके खिलाफ आरोपों से बरी कर दिया गया है. शनिवार को 9 विकेट से हारने के बाद सीकेम मदुरै पैंथर्स ने फ्रेंचाइजी के खिलाफ आरोप लगाए थे.



तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा जांच के बाद आरोपों को बरी कर दिया गया. ड्रैगन पर आरोप था कि उन्होंने केमिकल युक्त तौलिये का इस्तेमाल करके बॉल से छेड़छाड़ की. एक आधिकारिक बयान में, टीएनपीएल के सीईओ प्रसन्ना कन्नन ने कहा कि दावे अटकलें थे और बॉल टैम्परिंग के आरोपों को साबित करने के लिए कोई सबूत नहीं मिला.

टीएनपीएल के सीईओ प्रसन्ना कन्नन ने एक बयान में कहा, जिन तौलियों पर सवाल उठाए गए हैं, वे टीएनसीए द्वारा जारी किए गए थे और दोनों टीमों के लिए समान रूप से उपलब्ध थे. प्लेइंग कंट्रोल टीम-जिसमें अंपायर और मैच रेफरी शामिल थे- ने पूरे मैच के दौरान गेंद पर पूरी निगरानी रखी. खेल के दौरान कोई चिंता नहीं जताई गई और कोई सत्यापन योग्य सबूत भी नहीं दिया गया. ये दावे काल्पनिक और बाद में किए गए लगते हैं .

टीएनसीए के अनुसार, तौलियों का इस्तेमाल अंपायर की निगरानी में किया गया था और इस मामले में आगे कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती. हालांकि, अगर पैंथर्स 17 जून को दोपहर 3 बजे तक विश्वसनीय सबूत पेश कर सके तो शासी निकाय ने स्वतंत्र जांच की संभावना को अनुमति दी है. बता दें कि, ड्रैगन्स के कप्तान अश्विन ने 27 रन देकर 4 विकेट लिए लेकिन क्रीज पर रहने के दौरान 27 गेंदों पर 49 रन बनाकर बल्ले से अहम योगदान दिया. टीम ने अश्विन और शिवम सिंह (नाबाद 86) के बीच 66 गेंदों पर 124 रनों की ओपनिंग साझेदारी की बदौलत 150 रनों का लक्ष्य सिर्फ 12.3 ओवर में हासिल कर लिया. डीटी चंद्रशेखर और जी पेरियासामी ने ड्रैगन्स के लिए दो-दो विकेट लिए. गत चैंपियन ने टूर्नामेंट में अब तक 4 मैचों में दो जीत और दो हारे हैं और अंक तालिका में पांचवें स्थान पर है.

## आरसीबी को पहला खिताब जीताकर सोफी डिवाइन ने रचा था इतिहास

नई दिल्ली। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु फैंस के लिए चौंकाने वाली खबर सामने आई है. महिला प्रीमियर लीग 2024 की ट्रॉफी उठाने वाली आरसीबी की पहली खिताब जीत में टीम का हिस्सा रहीं सोफी डिवाइन ने संन्यास का ऐलान कर दिया है.



न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन, जिन्होंने पिछले साल न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम के लिए पहली बार टी20 विश्व कप जीतने के बाद टी20 कप्तानी छोड़ दी थी, अब वनडे से संन्यास लेने वाली हैं. इस साल के अंत में भारत और श्रीलंका में होने वाला महिला विश्व कप 2025 उनका आखिरी टूर्नामेंट होगा.

सोफी डिवाइन, जो आगामी सितंबर में 36 साल की हो जाएंगी ने व्हाइट फर्न्स द्वारा शेयर किए गए एक वीडियो में कहा, मुझे लगता है कि मेरे लिए खेल से दूर जाने का सही समय आ गया है. मैं बहुत भाग्यशाली महसूस करती हूं कि मुझे न्यूजीलैंड क्रिकेट का सपोर्ट मिला है, जिसका मतलब है कि मैं अभी भी व्हाइट फर्न्स को कुछ दे सकती हूं. यह महत्वपूर्ण है कि हर कोई जानता हो कि मैं इस ग्रुप को अपना सब कुछ देने के लिए केंद्रित और समर्पित हूं, इससे पहले कि मैं हटूं .

डिवाइन ने कहा, मैं इस युवा टीम की प्रगति से बहुत उत्साहित हूं और मैं अगले छह से नौ महीनों में अपनी भूमिका निभाने के लिए उत्सुक हूं. उन्होंने उल्लेख किया कि यह फैसला काफी समय में लिया गया है और यह हल्के में नहीं लिया गया है और इसके पीछे काफी सोच-विचार किया गया है.

बता दें कि, डिवाइन150 या उससे अधिक वनडे खेलने वाली 9 महिला क्रिकेटरों में से एक हैं. वनडे क्रिकेट में वह 4000 रन के आंकड़े के करीब हैं और उनमें से 49 मैचों में वे न्यूजीलैंड का नेतृत्व कर चुकी हैं. डिवाइन ने इस वीडियो के जरिए साफ किया है कि वे न्यूजीलैंड के लिए टी20आई में खेलना जारी रखेंगी. ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि वह अगले साल दुनिया में महिलाओं की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2026 में हिस्सा लेंगी या नहीं.

## भारत और इंग्लैंड सीरीज सीरीज के विजेता कप्तान को 'पटौदी मेडल' से सम्मानित किया जाएगा

नई दिल्ली। भारत और इंग्लैंड के बीच 20 जून से शुरू हो रही बहुप्रतीक्षित पांच मैचों की टेस्ट सीरीज को लेकर एक बड़ा फैसला लिया गया है। इस सीरीज के विजेता कप्तान को 'पटौदी मेडल' से सम्मानित किया जाएगा। इस पहल के जरिए भारत और इंग्लैंड क्रिकेट इतिहास की इस ऐतिहासिक प्रतिद्वंद्विता में पटौदी परिवार का नाम हमेशा के लिए जुड़ा रहेगा।



पटौदी परिवार का दोनों देशों की क्रिकेट विरासत में गहरा जुड़ाव रहा है। इफ्तिखार अली खान पटौदी और उनके बेटे मंसूर अली खान पटौदी, दोनों ने भारत के लिए टेस्ट टीम की कप्तानी की और इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट भी खेला। यही कारण है कि वर्षों से भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज को पटौदी ट्रॉफी के नाम से खेला जाता रहा है।

हाल ही में इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने इस ट्रॉफी का नाम बदलकर तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी करने का फैसला किया था। इसकी औपचारिक घोषणा वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दौरान लॉर्ड्स में की जानी थी, लेकिन अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया विमान हादसे के कारण इसे टाल दिया गया।

इस फैसले पर पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर समेत कई दिग्गजों ने नाराजगी जताई थी। इसके बाद क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर ने भी से सीधे संपर्क किया और आग्रह किया कि पटौदी परिवार का नाम भारत-इंग्लैंड क्रिकेट इतिहास का हिस्सा बना रहना चाहिए।

इस मुद्दे को सुलझाने में चेयरमैन जय शाह ने भी अहम भूमिका निभाई। सूत्रों के मुताबिक, जय शाह और तेंदुलकर की पहल के बाद श्ष्टक्क ने सहमति जताई और तय किया कि भले ही ट्रॉफी का नाम %तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी% रखा जाए, लेकिन सीरीज के विजेता कप्तान को %पटौदी मेडल% भी प्रदान किया जाएगा।

## क्रिकेटर नीतीश राणा बने पिता, पत्नी साची मारवाह ने जुड़वां बच्चों को दिया जन्म

नई दिल्ली। क्रिकेटर नीतीश राणा की पत्नी साची मारवाह ने दो जुड़वां बेटों को जन्म दिया है. क्रिकेटर ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर साझा की है. आईपीएल में इस सीजन राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलने वाले नीतीश राणा ने टीम इंडिया के लिए अबतक 3 मैच खेले हैं, जिसमें दो टी20 और एक वनडे शामिल हैं.

नीतीश राणा और साची मारवाह ने एक संयुक्त पोस्ट शेयर कर इसकी जानकारी दी. उन्होंने बताया कि साची ने जुड़वा बेटों को जन्म दिया. इसके साथ उन्होंने बच्चों के हाथ की फोटो भी शेयर की. नीतीश और साची ने फरवरी 2019 में शादी की थी. साची एक इंटीरियर डिजाइनर हैं और कॉमेडियन अभिषेक कृष्णा की कजिन हैं.

## 5 गेंद पर 5 विकेट लेकर दिग्वेश राठी ने मचाई तबाही

नई दिल्ली। आईपीएल 2025 से चर्चाओं में आए युवा भारतीय लेग स्पिनर दिग्वेश राठी ने एक बार फिर गेंद के साथ धमाल मचा दिया है. उन्होंने एक लोकल लीग के टी20 मैच में गेंद के साथ कहर बरपाते हुए 5 बॉल में 5 विकेट अपने नाम किए. इसके साथ ही उन्होंने इस मैच में कुल 7 विकेट अपने नाम कर डाले जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है.



वायरल वीडियो देख संजीव गोयनका हुए खुश

वायरल वीडियो में दिग्वेश राठी एक के बाद एक बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखा रहे हैं. दिग्वेश की गुगली, फ्लिपर और लेग स्पिन को बल्लेबाज पढ़ नहीं पा रहे हैं. इसके चलते उन्हें इस मैच में कुल 7 विकेट हासिल हुए. उनके इस प्रदर्शन से आईपीएल के उनके मालिक संजीव गोयनका भी काफी खुश नजर आ रहे हैं. उन्होंने सोशल मीडिया पर दिग्वेश का वीडियो शेयर करते हुए पोस्ट किया है.

लखनऊ सुपर जायंट्स के मालिक संजीव गोयनका ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, दिग्वेश राठी द्वारा स्थानीय टी20 मैच में 5 में से 5 विकेट लेने की यह क्लिप देखी. यह उनकी प्रतिभा की एक झलक है जिसने उन्हें आईपीएल 2025 में लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए एक ब्रेकआउट स्टार बना दिया .

---

**6 फ्लाइट में तकनीकी खराबी....**

एयर इंडिया की सैन फ्रांसिस्को से मुंबई जा रही फ्लाइट एआई-180 को कोलकाता में रोकना पड़ा, क्योंकि विमान के बाएं इंजन में तकनीकी समस्या आई गई थी। यात्रियों को सुबह 5.20 बजे फ्लाइट से नीचे उतारा गया। विमानों में तकनीकी खामी सहित अन्य कारणों से इमरजेंसी लैंडिंग और उड़ान रद्द करने की इन घटनाओं से यात्रियों में असंतोष बढ़ रहा है। भारतीय विमानन क्षेत्र की सुरक्षा और सेवा व्यवस्था पर चिंता जताई जा रही है।

**विमान सुरक्षा पर ध्यान दें, उड़ान....**

अनुशासित बनाने का निर्देश दिया गया है. DGCA ने कहा कि समय पर उड़ानों का संचालन एयरलाइन की साख और यात्रियों के भरोसे के लिए अनिवार्य है. देर से उड़ानों और कैंसिलेशन की स्थिति में यात्रियों को हो रही असुविधा को गंभीरता से लिया गया है. नियामक ने एअर इंडिया को कहा है कि ऐसी स्थिति में यात्रियों को स्पष्ट जानकारी और सहायता उपलब्ध कराई जाए. DGCA ने एअर इंडिया से क्राइसिस कम्युनिकेशन (संकट संवाद) प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने की बात कही है. यानी किसी भी इमरजेंसी या देरी की स्थिति में यात्रियों को तुरंत सूचना और सहयोग देना अनिवार्य किया जाए. इस विशेष बैठक में एअर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस के वरिष्ठ अधिकारियों को बुलाया गया था.

DGCA ने स्पष्ट किया कि AI 171 फ्लाइट हादसे के बाद यात्रियों की सुरक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता है. यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी उड़ान से पहले सभी तकनीकी परीक्षण समयबद्ध और प्रमाणिक तरीके से किए जाएं. DGCA की ओर से कहा गया कि फ्लाइट डिले या तकनीकी खराबी जैसी स्थिति में यात्रियों को एयरलाइन की तरफ से मिलने वाली जानकारी, सुविधाएं और सेवा मानकों को दुरुस्त किया जाए. बता दें कि अहमदाबाद में गुरुवार दोपहर हुआ प्लेन क्रैश बोइंग कंपनी के 787 ड्रीमलाइनर विमान से जुड़ी सबसे भयावह दुर्घटनाओं में से एक है. अमेरिकी विमान निर्माता बोइंग का यह सबसे आधुनिक वाइडबॉडी एयरलाइनर है.

**ईरान ने इजरायल पर 370....**

जनता को इस संबंध में कोई दिशा-निर्देश नहीं दिया कि उन्हें क्या करना चाहिए। वहीं इजरायली सेना ने इस बीच तेहरान पर हमले में ईरान के शीर्ष जनरल अली शादमानी को मारने का दावा किया है। लेकिन ईरान ने जनरल की हत्या पर तुरंत कोई टिप्पणी नहीं की है। जनरल शादमानी को हाल ही में अर्द्धसैन्य बल रिवॉल्यूशनरी गार्ड का हिस्सा खातम अल-अनबिया केंद्रीय मुख्यालय का प्रमुख नियुक्त किया गया था। इसके बाद ही ईरान ने इजरायल पर हमले तेज कर दिए। इजरायल पर जवाबी हमला करने के बाद ईरान अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उस टिप्पणी को लेकर भी गंभीर है, जिसमें उन्होंने जी 7 शिखर सम्मेलन से रवाना होने के बाद कहा, ''मैक्रों ने गलती से कहा है कि मैंने इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष विराम पर काम करने के लिए कनाडा में जी7 शिखर सम्मेलन से समय से पहले विदा ली है।'' उन्होंने कहा, ''गलत, उन्हें अंदाजा नहीं है कि मैं वाशिंगटन क्यों जा रहा हूं, लेकिन इसका निश्चित रूप से संघर्ष विराम से कोई लेना-देना नहीं है। यह उससे कहीं बड़ी बात है।'' इस बीच, अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ राष्ट्रपति तथा उनकी राष्ट्रीय सुरक्षा टीम से मुलाकात करने के लिए व्हाइट हाउस पहुंचे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**सद्दाम हुसैन जैसा हो सकता....**

है। इस्राइल काट्ज के इस बयान को केवल धमकी नहीं, बल्कि मनोवैज्ञानिक युद्ध और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संदेश देने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। बीते पांच दिनों से इस्राइल और ईरान के बीच सीधा संघर्ष जारी है। रातभर रॉकेट हमले, ड्रोन गिराए जाने और कई शहरों से लोगों को खाली कराए जाने की खबरें आती रहीं। तेहरान की रात को धमाकों की रोशनी से जगमग करती देखा गया, वहीं इस्राइल में जगह-जगह सायरन गूंजते रहे। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जी7 शिखर सम्मेलन से अपना दौरा अचानक खत्म किया और चेतावनी दी कि तेहरान के लोग तुरंत शहर खाली करें। इससे संकेत मिलता है कि हालात सामान्य से कहीं ज्यादा गंभीर हो सकते हैं। ट्रंप ने हालांकि कहा कि ईरान अब भी समझौता चाहता है, लेकिन उनके राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की आपात बैठकें इस बात का संकेत हैं कि स्थिति हाथ से निकलती जा रही है। हजारों लोगों को ईरान और इस्राइल के सीमावर्ती इलाकों से निकाला गया है। हवाई सेवाएं बंद कर दी गई हैं। पूरा पश्चिम एशिया युद्ध की कगार पर है। वहीं इस्राइल ने यह भी दावा किया है कि ईरान के हवाई क्षेत्र पर पूरी तरह उसके नियंत्रण में है, जिससे साफ है कि दोनों देशों के बीच सैन्य टकराव और बढ़ सकता है।

**सड़क परिवहन और यातायात....**

में वृद्धि, सड़क दुर्घटनाओं में कमी, सुरक्षा मानकों का बेहतर क्रियान्वयन और यातायात व्यवस्था में सुधार व अनुशासन बनाए रखने में यह पहल मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि इससे दूरदराज के क्षेत्रों में भी परिवहन दस्ते की निगरानी और पहुंच सुनिश्चित होगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करने और ट्रैफिक नियमों का पालन कर दूसरों के जीवन की रक्षा करने की बात कही। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी से ही हम एक सुरक्षित, संयमित और संवेदनशील सड़क परिवेश का निर्माण कर सकते हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने लोगों से नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने की अपील भी की। इस अवसर पर विधायक पुरंदर मिश्रा, नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, सचिव सह परिवहन आयुक्त एस. प्रकाश, अपर परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर सहित परिवहन विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

**जम्मू-कश्मीर सरकार का बड़ा फैसला....**

बनाने के लिए पहली बार जैमर सिस्टम लगाए जा रहे हैं। निगरानी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल करेगी। यात्रा में 58,000 सुरक्षाकर्मी तैनात करेंगे। श्रद्धालुओं को कंधे पर बिठाकर ले जाने वाले पोनी वालों का वैरिफिकेशन होगा। जिनके खिलाफ आपराधिक रिकॉर्ड होंगे। उन्हें सेवा की अनुमति नहीं दी जाएगी। घोड़े और खच्चरों की टैगिंग होगी ताकि यात्रा मार्ग से भटकने पर रियल टाइम में ट्रैक किए जा सकें। रोड ओपनिंग पार्टी रास्ते को सुरक्षित करेगी। क्विक एक्शन टीम किसी भी खतरे का तुरंत जवाब देगी। बम डिफ्यूज़ल स्क्वॉड को अलर्ट पर रखा गया है। K9 यूनिट्स (विशेष ट्रेनिंग पाए खोजी कुत्ते) भी सुरक्षा में लगाए जाएंगे। पूरे इलाके में ड्रोन के ज़रिए निगरानी की जाएगी।

**ऑपरेशन सिंदूर पर पूर्व सेना....**

पर भी चर्चा हुई। इसमें बताया गया कि आने वाले वर्षों में सेना को कैसे देश की तकनीकी, सामाजिक और रणनीतिक जरूरतों के अनुरूप तैयार किया जाएगा। मानव संसाधन सुधारों, युद्ध तैयारी, और पूर्व सैनिक कल्याण से जुड़े मुद्दों को भी गंभीरता से उठाया गया। पूर्व सेना प्रमुखों ने भी इस मौके पर अपने बहुमूल्य सुझाव साझा किए। उन्होंने संगठनात्मक सुधार, सैन्य नेतृत्व में निरंतरता और बदलते वैश्विक परिप्रेक्ष्य में भारत की सैन्य तैयारियों को लेकर कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर ध्यान आकर्षित किया। भारतीय सेना का मानना है कि 'चीफ्स चिंतन' जैसा कार्यक्रम सैन्य नेतृत्व में सामूहिक दृष्टिकोण और रणनीतिक निरंतरता को मजबूती देता है। यह संवाद भविष्य के युद्धों के लिए भारतीय सेना को तकनीकी रूप से सक्षम, संगठित और प्रेरित बल के रूप में तैयार करने की दिशा में एक ठोस कदम है।

**जी-7 बैठक छोड़कर लोटे ट्रंप....**

कहा कि इस्राइल ने ईरान के परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रमों से जुड़े दर्जनों ठिकानों पर रात भर हमला किया और ईरान के सैन्य नेतृत्व को भागने पर मजबूर कर दिया। तेहरान पर हमला कर ईरान के सेना प्रमुख जनरल शादनामी को मार गिराया है। हालांकि, ईरान ने शादनामी के मारे जाने पर कोई टिप्पणी नहीं की है, जिन्हें हाल ही में अर्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड के तहत आने वाले खतम अल-अनबिया के केंद्रीय मुख्यालय का प्रमुख नियुक्त किया गया था। ईरान ने रिवोल्यूशनरी गार्ड और नियमित सशस्त्र बलों के शीर्ष अधिकारियों की जगह अन्य जनरलों को नियुक्त किया है। वहीं, ईरानी मीडिया की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस्राइली खुफिया क्षमताओं को कमजोर करने के लिए ईरान ने तेल अवीव में मोसाद और अमान के मुख्यालय को निशाना बनाया है। ईरानी मिसाइल हमलों का मुख्य निशाना ग्लीलोट में अमान के लॉजिस्टिक सेंटर था।

यहीं से इस्राइल की सैन्य खुफिया गतिविधियों का संचालन होता है। हमले के बाद सेंटर में आग लग गई, मीडिया में इसका एक वीडियो भी जारी किया गया है। एक अन्य रिपोर्ट में दावा किया गया है कि मिसाइल हमलों में मोसाद का मुख्यालय और यूनिट 8200 के कुछ गुप्त बैकअप ठिकानों को भी तबाह कर दिया गया। यूनिट 8200 इस्राइल की इलेक्ट्रॉनिक निगरानी और खुफिया इकाई है जो साइबर युद्ध और डाटा इंटेलिजेंस में विशेषज्ञ मानी जाती है। इस्राइली सेना ने इन हमलों को मामूली बताया है। इससे पहले, कनाडा से रवाना होने के बाद ट्रंप ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा था कि वह संघर्ष विराम नहीं, बल्कि ईरान के परमाणु हथियारों का अंत चाहते हैं। उन्होंने संकेत दिया कि वह ईरानी अधिकारियों से मिलने के लिए मध्य पूर्व के लिए अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ या उपराष्ट्रपति जेडी वेंस को भेज सकते हैं। ट्रंप ने यह भी कहा कि इस्राइल ईरान पर हमले कम नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि ईरान परमाणु बम बनाने के करीब है। लेकिन सीधी सी बात है कि ईरान परमाणु हथियार नहीं बना सकता है। उसके पास परमाणु बम नहीं हो सकता। उसे इस मुद्दे पर सरेंडर करना ही होगा, उससे कम कुछ नहीं हो सकता है। उन्होंने चेतावनी देते हुए यह भी कहा कि सभी को तुरंत तेहरान खाली कर देना चाहिए।

# पीएमश्री बख्शी स्कूल में जिला स्तरीय प्रवेश उत्सव सम्पन्न, शिक्षा और विरासत का हुआ संगम

खैरागढ़ (दावा)। खैरागढ़ के प्रतिष्ठित पीएमश्री पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का गरिमामय आयोजन हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे क्षेत्रीय सांसद संतोष पाण्डेय ने विद्यालय की गौरवशाली परंपरा और ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को बड़े ही प्रेरणास्पद ढंग से रेखांकित किया। उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं, पालकों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि यह स्कूल केवल एक भवन नहीं, बल्कि खैरागढ़ की बौद्धिक धरोहर और शिक्षा की मजबूत नींव है।

सांसद पाण्डेय ने बताया कि इस विद्यालय की नींव सन् 1885 में खैरागढ़ रियासत के तत्कालीन शासक राजा कमल नारायण सिंह ने अपनी शिक्षा के लिए रखी थी। यह बात अपने आप में अनोखी है कि एक राजा ने जिस विद्यालय में पढ़ाई की, वही आज खैरागढ़ अंचल की पीढ़ियों को शिक्षा दे रहा है। राजा कमल नारायण सिंह न केवल शिक्षित व्यक्ति थे बल्कि साहित्यकार भी थे। उन्होंने शीतला, यश मालिका, कमल नारायण, प्रहर्ष सहित कुल सात उल्लेखनीय कृतियाँ रचीं, जो आज भी साहित्य और इतिहास के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा हैं।

विद्यालय के इतिहास की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि यहाँ शिक्षकों की जो परंपरा रही है, वह अद्वितीय है। इसी विद्यालय में मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री पंडित रविशंकर शुक्ल ने अध्यापन किया था और यहीं के एक अन्य शिक्षक डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी हिंदी साहित्य के प्रतिष्ठित स्तंभ रहे हैं, जिनके नाम पर आज यह विद्यालय जाना जाता है। सांसद ने कहा कि यह गौरवपूर्ण विरासत आज के विद्यार्थियों को एक बड़ी प्रेरणा देती है और यह उनकी जिम्मेदारी है कि वे इस यशगाथा को आगे बढ़ाएं।

उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा को सुदृढ़ करने हेतु केंद्र और राज्य सरकारें निरंतर प्रयासरत हैं। पीएम श्री योजना जैसे नवाचारों से विद्यालयों में गुणवत्ता युक्त अधोसंरचना, डिजिटल लर्निंग, प्रशिक्षित शिक्षक, और समावेशी शिक्षा को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह सरकार की प्राथमिकता है कि हर बच्चा समान और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जुड़ सके।

कार्यक्रम में उपस्थित विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने भरदाकला के छात्र खोमन साहू की विशेष उपलब्धि का उल्लेख किया और कहा कि ऐसे विद्यार्थी पूरे जिले का नाम रौशन करते हैं। उन्होंने कहा कि हमें ग्रामीण अंचल के बच्चों



शिक्षा को सुदृढ़ करने हेतु केंद्र और राज्य सरकारें निरंतर प्रयासरत हैं - सांसद संतोष पाण्डेय

को विशेष अवसर और मंच देने की आवश्यकता है ताकि उनकी प्रतिभा देश-प्रदेश तक पहुँच सके। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि जिले में शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता सुधार एवं समावेशी विकास के लिए विशेष कार्ययोजना बनाकर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल साक्षरता का माध्यम नहीं, बल्कि समाज के सर्वांगीण विकास की नींव है।

उन्होंने राज्य शासन द्वारा शालाओं के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया की सराहना करते हुए बताया कि अब शिक्षकविहीन तथा एकल शिक्षकीय शालाओं में पारदर्शी ढंग से शिक्षकों की पदस्थापना की गई है, और शिक्षण व्यवस्था में मजबूती आई है। उन्होंने इंस्पायर योजना के तहत स्मार्ट शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हेतु भरदाकला के छात्र को बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों, शिक्षकों तथा पालकों से आह्वान किया कि वे एकजुट होकर जिले में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने हेतु विशेष अभियान चलाएं और नवाचारों को अपनाते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहयोग करें।

उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण120 शिक्षा की दिशा में प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है, और आने वाले समय में सभी शालाओं में संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका खम्हन ताम्रकार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी लाल जी द्विवेदी तथा अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने भी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने सरकार की विभिन्न शैक्षिक योजनाओं और संसाधनों की जानकारी दी और अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजें और उनकी पढ़ाई में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष खैरागढ़ राजेश्री त्रिपाठी, खैरागढ़ नगरपालिका अध्यक्ष गिरिजा चंद्राकर, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष खम्हन ताम्रकार, पूर्व सभापति घम्मन साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष बिशेसर साहू, उपाध्यक्ष प्रेम नारायण चंद्राकर, सांसद प्रतिनिधि नगर पालिका राकेश गुप्ता, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ. शैलेन्द्र त्रिपाठी, जनपद सदस्य शैलेन्द्र मिश्रा, पार्षद देवीन कोठले, शाला विकास समिति अध्यक्ष शशांक ताम्रकार, कन्या शाला विकास समिति अध्यक्ष आलोक श्रीवास, जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी नीलम राजपूत, बिआरसी सुजीत सिंह चौहान, प्राचार्य रोशनलाल वर्मा, किरण सिंह, प्रधान पाठिका मिडिल स्कूल शैलिनी सिंह, व्याख्याता डॉ. कमलेश्वर सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि, शिक्षक और अभिभावक उपस्थित रहे।

इस अवसर पर सांसद, विधायक व अन्य अतिथियों द्वारा छात्राओं को शाला की ओर से गणवेश, पाठ्यपुस्तकें और निःशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया। इसके साथ ही अतिथियों ने बच्चों के साथ बैठकर मध्यान्ह भोजन ग्रहण कर आत्मीयता और सौहार्द का संदेश दिया। विद्यालय परिसर में बच्चों की प्रस्तुतियों और प्रेरक भाषणों ने माहौल को उत्सवमय बना दिया। प्राचार्य रोशनलाल वर्मा व स्टाफ द्वारा अतिथियों का अभिनंदन किया गया।

यह आयोजन न केवल विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना, बल्कि शिक्षा, इतिहास और समर्पण के समन्वय से खैरागढ़ की एक नई कहानी रचने की शुरुआत भी प्रतीत हुआ। विद्यालय में प्रवेश लेने वाले बच्चों के लिए यह दिन उनके जीवन की एक महत्वपूर्ण स्मृति बनकर उभरा, और भविष्य की ओर उनके सपनों के मार्ग को सशक्त आधार मिला।

## सिन्हा समाज ने प्रतिभावान छात्र-छात्राओं एवं जनप्रतिनिधियों का किया सम्मान

राजनांदगांव (दावा)। मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम थैली टोला में सिन्हा समाज का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह में आदरणीय जिला अध्यक्ष शिव शंकर डरसेना महामंत्री गंगाराम सिंन्हा पुनम चदं सिन्हा संरक्षक दिपक सिन्हा डोंगरगांव भगवत सिन्हा मंडलेश्वर, तुलाराम सोनवानी जिलाध्यक्ष कलार समाज मोहला मानपुर चौकी, झनक सोनवानी जिला महामंत्री मोहला मानपुर चौकी, भागवत सिन्हा कोषाध्यक्ष मोहला मानपुर चौकी, त्रिलोचन सिन्हा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, नरेश गजेंद्र प्रदेश कार्य समिति सदस्य, दम्मीचंद सिन्हा,(वरिष्ठ समाजसेवी), रसिया राम सिन्हा जिला उपाध्यक्ष, पलटू राम सिन्हा जिला कार्यकारिणी सदस्य, जीवन लाल सिन्हा, श्रीमती नगीना बाई सिन्हा, श्रीमती देवकी बाई सिन्हा, दिनेश्वर सिन्हा, गणपत सिन्हा, योगेंद्र सिन्हा युवा मंच जिलाअध्यक्ष, श्रीमती लता सिन्हा



निर्मला जितेंद्र सिन्हा ने प्रतीक चिन्ह भेंटकर किया सम्मानित

महिला मंच जिलाध्यक्ष, सुनील सिन्हा सचिव, भीष्मदेव सिन्हा कोषाध्यक्ष, जशवंत सिन्हा मीडिया प्रभारी, श्रीमती कुलेश्वरी सिन्हा महिला मंच सचिव, श्रीमती देहुति सिन्हा महिला मंच कोषाध्यक्ष, श्रीमती रैन बाई सिन्हा उपाध्यक्ष, श्रीमती शैलेन्द्री बाई सिन्हा प्रचार मंत्री, श्रीमती दशमत बाई सिन्हा, बहादुर राम सिन्हा, मण्डलेश्वर मोहला, अश्वन सिन्हा सचिव मोहला, कार्तिक राम सिन्हा, कोषाध्यक्ष, श्री ताम्रध्वज सिन्हा, दाऊचंद सिन्हा, कुंजबिहारी सिन्हा, मुकेश सिन्हा पार्षद अम्बागढ़ चौकी, छगन सिन्हा, प्रेमसिंह सिन्हा, रामचन्द सिन्हा युवा मंच उपाध्यक्ष, जितेंद्र सिन्हा शिक्षा प्रकोष्ठ, कृपाशंकर नशीने राजनीति प्रकोष्ठ, श्रीमति सरोज सिन्हा, श्रीमती बसंती सिन्हा, तोरण बसु पूर्व मण्डलेश्वर, बी.आर.सिन्हा पूर्व मण्डलेश्वर, अशोक सिन्हा कोषनिरिक्षक, हेमलाल सिन्हा, एवं समस्त क्षेत्राधिकारीगण, ग्राम प्रमुखगण, व समस्त स्वजातीय जनों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## सोरीटोला के मधुकर धरमगुडे बने राजनांदगांव ढीमर समाज के जिलाध्यक्ष



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ ढीमर समाज राजनांदगांव परगना का वार्षिक अधिवेशन एवं पदाधिकारी चुनाव 14 जून शनिवार अजमीड सोनी भवन राजनांदगांव में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरेश धीवर छत्तीसगढ़ ढीमर महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रायपुर विशिष्ट अतिथि के रूप में जिले के महापौर मधुसूदन यादव ने शिरकत की। सांथ ही अलग अलग परगना से आए पदाधिकारी एवं ढीमर समाज के वरिष्ठ जन, महिला, पुरुष और युवा साथी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

अध्यक्ष एवं सभी परगना से आए पदाधिकारी समाज के समस्त जनता के बीच से लगभग 70 मतदाता ने मतदान किया। चुनाव की प्रक्रिया शुरू की गई जिसे पूरी पारदर्शिता के साथ पूरा किया गया।

सामाजिक चुनाव 3 पदों के लिए था। जिसमें सोरीटोला के मधुकर धरमगुडे जिला अध्यक्ष चुने गये, कोषाध्यक्ष के रूप में उदयराम ढीमर डोंगरगढ़ और लालबहादुर नगर दुलारू ढीमर सचिव पद हेतु मनोनित हुए। सभी चुने गये प्रत्याशीयों को प्रदेश अध्यक्ष सुरेश धीवर, संरक्षक परमेश्वर फुटान, महासचिव रामलाल पेंदरिया, कोषाध्यक्ष पवन कुमार धीवर एवं राजनांदगांव ढीमर समाज के संरक्षक लतखोर कोसरिया व पूर्व सचिव विनोद धीवर द्वारा सभी को प्रमाण पत्र देकर पदभार प्रदान किया साथ ही अपनी शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद प्रदान किया।

## चंद्रशेखर बोरकर को भीम सेना के अध्यक्ष का मिला दायित्व



डोंगरगढ़(दावा)।भीम सेना संगठन डोंगरगढ़ की सामान्य सभा की बैठक का आयोजन आज वार्ड नंबर 3+4 के डॉ अंबेडकर भवन में किया गया, जिसमें भीम सेना संगठन के अध्यक्ष पद के लिये चुनाव किया गया जिसमें संस्था के संरक्षक व विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से चंद्रशेखर बोरकर को भीम सेना संगठन का अध्यक्ष चुना गया।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि, संगठन के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा चंद्रशेखर बोरकर को उनके नवीन जिम्मेदारियों के लिए बधाई दी गई, चंद्रशेखर बोरकर पहले भी सामाजिक संस्थानों में जिम्मेदारियां निभा चुके हैं। उनका अनुभव निश्चित ही भीम सेना संगठन के लिए कारगर सिद्ध होगा, चंद्रशेखर बोरकर ने कहां वे संगठन को मजबूत करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे और कोशिश करेंगे की ग्रामीण क्षेत्रों में भी इसका विस्तार किया जाए।

## बुंदेली में हुआ सीसी रोड और व्यवसायिक परिसर निर्माण का भूमिपूजन

खैरागढ़ (दावा)। सीसी रोड और व्यवसायिक परिसर निर्माण का भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के छुईखदान ब्लॉक के ग्राम पंचायत बुंदेली में विकास की दिशा में एक और कदम उठाया गया।

वार्ड क्रमांक 04 में तीन लाख रुपये की लागत से बनने वाले सीसी रोड तथा बाजार चौक में व्यावसायिक परिसर निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह शामिल हुए। गाँव पहुँचने पर सरपंच दिवाकर सोनी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने अतिथियों का पारंपरिक स्वागत किया। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमिपूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि सीसी रोड बनने से बरसात के दिनों में कीचड़ की समस्या से निजात मिलेगी, वहीं व्यावसायिक परिसर से ग्राम पंचायत को आय का



जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत ने गिनाई केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियाँ

स्थायी स्रोत मिलेगा।

जिपं. उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि ग्राम पंचायतों को चाहिए कि सड़क से लगे क्षेत्रों में व्यावसायिक परिसरों का निर्माण प्राथमिकता से करें, जिससे युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर मिलें और पंचायत की आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ हो। उन्होंने राज्य और केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा किसानों, मजदूरों, युवाओं और महिलाओं के लिए चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी और कहा कि डबल इंजन की सरकार से गाँवों का बहुआयामी विकास सुनिश्चित हो रहा है। कार्यक्रम के दौरान गाँव में विकास को लेकर सकारात्मक उत्साह का वातावरण देखने को मिला। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य ललित चोपड़ा, सरपंच अनीता भगवती पाल, उपसरपंच मधु पाल, पंच ईश्वर जंघेल, गोपी जंघेल, चंदा चेलक, मुकेश यादव, कमता ठाकुर, सोमनाथ, अजय रजक, अशोक पाल, टीकाराम, पुरुषोत्तम सेन, उत्तमचंद बोहरा, प्रेमचंद बोहरा, महेन्द्र, मुन्ना गुप्ता, उत्तम गुप्ता, बालमुकुंद चौबे, बिहारी जंघेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## प्राथमिक शाला भवन के लिए 15 लाख स्वीकृति, किया भूमिपूजन



अंबागढ़ चौकी (दावा)। विकासखंड अंबागढ़ चौकी के गुंडरदेही (बांधाबाजार) जनपद सदस्य क्षेत्र के अंतर्गत प्राथमिक शाला हेतु ग्राम पंचायत तेलीटोला में विधि-विधान से भूमिपूजन किया गया। इसके निर्माण कार्य हेतु 15 लाख स्वीकृति किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला भाजपा जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह, जिला पंचायत सदस्य नेहरू रजक, जिला भाजपा महामंत्री दिलीप वर्मा, जिला महिला मोर्चा भाजपा कमलेश सारस्वत मंडल, अध्यक्ष आशीष द्विवेदी, मंडल महामंत्री विमल यादव, संदीप मेश्राम जनपद सदस्य, राजेश सिंघी पूर्व मंडल अध्यक्ष, सैयद अजहरुद्दीन कुरैशी महामंत्री पूर्व युवा मोर्चा, सरपंच तेलीटोला जागेश्वर कोमरे, उपसरपंच अमित निषाद ग्राम पटेल डोमन साहू, अनिल साहू, मेहतरु बसु, परमेश्वर सिंहा पंचू साहू, डोमार, आशा राम, भागवती मांडवी, हेमान बाई सिन्हा, कुमारी बाई यादव एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## शास.उच्च.माध्य. विद्यालय तिलईरवार में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया



तिलईरवार (दावा)। राजनांदगांव समीपस्थ शास.उच्च.माध्य. विद्यालय तिलईरवार में दिनांक 16 जून 2025 को शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गांव के सरपंच महोदया श्रीमती नंदिका कुंजाम, अध्यक्षता मोरध्वज चंद्रवंशी, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती कांतिबाई कंवर जनपद सदस्य, ज्ञानेन्द्र सहारे, सुदर्शन साहू, सीयसबी कुंजाम कार्यक्रम में उपस्थित रहे। श्रीमती नंदिका कुंजाम एवं सभी अतिथियों के द्वारा नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को गुलाल टीका लगाकर, मुँह मीठा कर उनका स्वागत किया गया।

मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में सभी नवप्रवेशित विद्यार्थियों को प्रतिदिन विद्यालय आने के लिए एवं पढ़ाई के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया।

इसी अनुक्रम में बारी-बारी से सभी अतिथियों के द्वारा छात्र-छात्राओं को गुरूओं का सम्मान करना, पढ़ाई के प्रति विशेष ध्यान देना, नैतिक ज्ञान की बातें सीखना आदि के बारे में प्रोत्साहित किया।

इस कार्यक्रम में प्राचार्य महोदय ए.के. यदु, श्रीमती अनुराधा ढोक, थंगेश्वर कुमार साहू, जानकी वल्लभ तंबोली, राजेश नेताम, जितेन्द्र कश्यप, श्रीमती रेखा मुरकुटे, नोहर दास लिल्हारे, पालक राम वर्मा, हरिचंद यादव सभी व्याख्याता, आशीष मसीह, तौसिफ अहमद, दानेश्वर साहू आदि की उपस्थिति रही। इस शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का संचालन थंगेश्वर कुमार साहू व्याख्याता के द्वारा किया गया। और यह कार्यक्रम प्राचार्य महोदय ए.के. यदु के मागदर्शन में सम्पन्न हुआ।

## धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान




कलेक्टर एवं जनप्रतिनिधियों ने किया श्रमदान, दिया स्वच्छता और जनजागरूकता का संदेश

**मोहला (दावा)। जिले में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत आज ग्राम मोहला स्थित ऐतिहासिक एवं आस्था के केंद्र माँ छुरिया देवी मंदिर प्रांगण में विशेष स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नम्रता सिंह एवं कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने स्वयं भाग लेकर मंदिर परिसर के विभिन्न हिस्सों में श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया।**

कार्यक्रम में जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी, स्वसहायता समूह की स्वच्छता दीदियां तथा स्थानीय ग्रामीणों ने मिलकर सामूहिक श्रमदान किया। सभी ने मंदिर प्रांगण के कोने-कोने को स्वच्छ किया और स्वच्छता के महत्व को समझाते हुए जागरूकता का संदेश दिया।

अभियान के माध्यम से केवल स्वच्छता कार्य ही नहीं किया गया। बल्कि समाज में स्वच्छता के प्रति सकारात्मक सोच एवं जिम्मेदारी की भावना को भी मजबूती दी गई। जिला स्तरीय अधिकारियों-कर्मचारियों एवं स्वच्छता दीदियों की सक्रिय भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। जिन्होंने पूरे उत्साह और समर्पण के साथ श्रमदान किया। इस दौरान जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती भारती चंद्राकर, एसडीएम मोहला हेमेन्द्र भुआर्य, डिप्टी कलेक्टर दुकालू राम ध्रुव, सहायक आयुक्त प्रकाश लहरे सहित सभी विभाग जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ आम नागरिक उपस्थित थे।

## चिखली स्कूल में नशा मुक्ति द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया

राजनांदगांव (दावा)। जीवन आधार पब्लिक चैरिटी राजनांदगाँव के द्वारा दिनांक 16-06-25 को लक्ष्य पब्लिक विद्यालय चिखली में नशा मुक्ति एवं स्वास्थ -पर्यावरण-जल पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विघालय के मुख्याधयापक द्वारा नशामुक्ति के लिए जागरूकता करते हुये कहा नशा शरीर को हानि पहुंचाते है इसलिए नशा न कर पौष्टिक भोजन एवं व्यायाम करना चाहिए जिससे स्वास्थ ठिक रहता है इसी कडी में चैरिटी के मुख्य मार्गदर्शक ओमप्रकाश सहारे ने स्वास्थ पर प्रकाश डालते हुए कहा पर्यावरण हमारे उतम स्वास्थ के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है इसलिए पर्यावरण का संरक्षण करते रहना चाहिए पर्यावरण के अंतर्गत आने वाले सभी घटकों का संरक्षण करते रहना चाहिए तथा जल भी उतम स्वास्थ के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है रोज प्रातः काल तांबे के लोटे से जल पाशन करने से शरीर उतम रहता है



## प्राथमिक शाला तेलीटोला में पहली कक्षा में प्रवेश बच्चों को किताब एवं गणवेश वितरण किया गया

राजनांदगांव (दावा)। शासन के निर्देशानुसार 16 जून को शाला प्रवेश उत्सव आयोजित किया गया जिसमें ग्राम प्राथमिक शाला तेलीटोला में पहली कक्षा में प्रवेश बच्चों को किताब एवं गणवेश वितरण किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य संदीप मेश्राम, जनपद मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद अंबागढ़ चौकी प्रियवंदना रामटेके मैडम, विकासखंड शिक्षा अधिकारी दीवार सर, सरपंच जागेश्वर कोमरे, उपसरपंच अमित निषाद, अनिल साहू, मेहतरु बसु, परमेश्वर सिंहा, शालविकास समिति अध्यक्ष सहित सभी सदस्य शामिल हुआ।

## मोदी सरकार के 11 साल उपलब्धियों भरा - गीता घासी साहू

राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल का 11 साल पूर्ण होने पर जिला पंचायत पूर्व अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू ने भाजपा के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया है। उन्होंने बताया कि 11 सालों में देश कई अहम फैसलों का गवाह रहा। जिसने जनता के मन में मोदी सरकार के प्रति भरोसे को बढ़ाया है। इसका असर बीते लोकसभा चुनावों में भी दिखा और जनता ने बीजेपी को देश की कमान फिर से सौंपने का फैसला सुनाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के सम्मान व देशवासियों के विकास के लिए दिन रात एक कर मेहनत किया। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जवाब आपरेशन सिंदूर के रूप में दिया।



मोदी सरकार ने देश व देशवासियों के हित में इन 11 सालों में अनेक निर्णय लिए। वक्फ संशोधन बिल, मध्यम वर्गीय लोगों को टैक्स में राहत, 2026 तक नक्सलवाद के सफाये का दृढ़ संकल्प, तीन नए आपराधिक कानून, वन नेशन-वन इलेक्शन, वीनस ऑर्बिटर मिशन के विकास को मंजूरी, वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य कवर का विस्तार, लद्दाख के लिए नए जिले, आईएनएस अरीघाट भारतीय नौसेना में शामिल किया। मोदी के सशक्त नेतृत्व में देश ने बड़े फैसले लेकर राष्ट्र को मजबूत बनाया। जिससे उनकी लोकप्रियता आज शिखर पर है।

# रेत तस्करों पर आठ दिन में कार्यवाही पूरी नहीं हुई तो कांग्रेस करेंगी उग्र प्रदर्शन : बैज



## मोहड़ में हुए घटना की जांच करने पहुंचे पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने राज्य सरकार पर दागे कई सवाल

राजनांदगांव (दावा)। जिले में खनिज विभाग व सरकार के निकम्मेपन के चलते अब रेत चोर माफियाओं के हौसले कितने बुलंद है रोजाना प्रदेश में अपराधिक घटनाएं बढ़ रही है। शहर के मोहड़ वार्ड 49 है, जहां रेत माफियाओं द्वारा निर्दोष ग्रामीणों पर बंदूक तान दी। रेत उत्खन्न और हुई गोलीकांड मामले का अवलोकन करने मंगलवार 17 जून को पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज शिवनाथ नदी पहुंचकर रेत तस्करों द्वारा बनाए गए रैम्प का अवलोकन किया। वहीं मोहड़ वार्ड के जिस खेल मैदान में गोलीकांड की घटना हुई। वहां का मौका मुआयना कर वहां के ग्रामीणों से रूबरू चर्चा कर वस्तुस्थिति से वाकिफ होते हुए श्री बैज ने प्रदेश की भाजपा सरकार को जमकर कोसा। प्रदेश में लगातार अपराध बढ़ता जा रहा है, जो कतई बर्दाश्त योग्य नहीं है। गृहमंत्री को चूड़ी पहनकर बैठ जाना चाहिए।

प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज रायपुर से मोहड़ वार्ड पहुंचे जहां विगत दिनों रेत माफियाओं द्वारा अवैध रेत उत्खन्न का विरोध करने पर निर्दोष ग्रामीणों पर बंदूक तानकर गोलीकांड की घटना को अंजाम दिया था। मौका मुआयना करने पहुंचे पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि पूरे प्रदेश में माफिया राज का बोलबाला है। निर्दोष ग्रामीण जो घटना में घायल जितेन्द्र साहू व ओमप्रकाश साहू से पूरे घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए कहा कि निर्दोष ग्रामीणों को डंडे व गोली से बात कर रही है। शासन-प्रशासन उन अपराधियों को बचाने में लगी है। अगर प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी भी इस प्रकरण में लिप्त है तो उस पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए।

### इनकी जांच होनी चाहिए

अध्यक्ष श्री बैज ने सवाल उठते हुए कहा कि कौन है वो रेत माफिया, कहां से आए थे। उनके पास हथियार कहां से कैसे आया, इनका अब तक जवाब नहीं मिल पाया है। जबकि माफियाओं ने जिस वाहन में आए थे। उसका गाड़ी नंबर स्पष्ट है तो फिर गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई। शूटर बाहर प्रदेश से आते है, शासन-प्रशासन को पता नहीं क्या इसमें संदेह नहीं होता। कौन है संजय सिंह, कहां से आए थे और कहां है। बाकी शूटर की अब तक गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई। पूरा प्रदेश देख रहा है यह सरकार निकम्मी हो चुकी है। अपराधियों का राज चरम पर है, धमतरी, गरियाबंद, बस्तर में निर्दोष ग्रामीणों को मारा जा रहा है। पत्रकार को दौड़ाकर मारा जा रहा है। शासन-प्रशासन रेत के अवैध उत्खन्न नहीं रोकते तो हम कांग्रेसजन रोंकेगे, किन्तु छग को यूपी व बिहार नहीं बनने देंगे। छग को जंगलराज नहीं बनने देंगे। जो भी अपराधी व शुटर है, उस पर कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए। आठ दिन हो गया है, किन्तु मुख्य सरगना अब तक नहीं पकड़ा जाना बड़ा सवाल है। अगर आठ दिन में नहीं पकड़ जाता है तो कांग्रेस पार्टी उग्र आंदोलन करने मजबूर होगी और इस पूरे मामले को लेकर सदन से सड़क तक लड़ने तैयार है। इस दौरान प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू, ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू, शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा, जितेन्द्र मुदलियार, कुतबुद्दीन सोलंकी, कमलजीत सिंह पिंटू, रमेश डाकलिया, श्रीकिशन खंडेलवाल, पदम कोठारी, पीसीसी महासचिव शाहिद खान, डॉ. थानेश्वर पाटिला, मेहुल मारू, डॉ. आफताब आलम, जिला कांग्रेस प्रभारी बृजेश शर्मा, पंकज बांधव, जिपं सदस्यद्वय विभा साहू, महेन्द्र यादव, पूर्व महापौर हेमा देशमुख, प्रवक्ता रूपेश दुबे, हनी ग्रेवाल, विवेक वासनिक, ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, आसिफ अली, संतोष पिल्ले, अमिन हुद्दा, शकील रिजवी, नीरज कन्नौजे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस व ग्रामीण वार्डवासी उपस्थित थे।

# बम की तरह फटा फ्रीज : किसान ने दरवाजा खोला और हो गया हादसा, दोनों पैर उड़े, हुई मौत



छुईखदान (दावा)। केसीजी जिले के छुईखदान ब्लाक के ग्राम भोरमपुर में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब गांव वालों को पता चला कि फ्रीज में धमाका हुआ है। मकान मालिक गंभीर रूप से घायल हो गया है। आनन-फानन में घर के अन्य लोग एवं रिश्तेदार पड़ोसी आदि पीड़ित को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छुईखदान लेकर आए। यहां उसकी स्थिति एवं गंभीरता को देखते हुए राजनांदगांव के लिए रिफर कर दिया गया। ऐसा बताया जा रहा है कि अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मृत्यु हो गई।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक विकासखंड मुख्यालय छुईखदान से गंडई मार्ग पर 4 किमी की दूरी पर स्थित ग्राम भोरमपुर निवासी श्रीराम वर्मा, पिता मेहतरराम वर्मा 52 वर्ष सुबह साढ़े सात बजे जब अपने घरेलू उपयोग की फ्रीज से कुछ सामग्री निकालने के लिए दरवाजा खोला तब फ्रीज में से जोरदार धमाका हुआ। जिससे श्रीराम वर्मा के दोनों पैर लगभग मौके पर ही उखड़ गए और शरीर के अन्य अंगों को भी गंभीर चोटें आई। लोगों ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए घायल को तत्काल छुईखदान सामुदायिक स्वास्थ्य केंन्द्र लेकर आए, परन्तु प्रारंभिक इलाज के साथ ही मरीज को और अधिक उच्च चिकित्सा के लिए रेफर कर दिया गया। परन्तु पता चला है कि जिला मुख्यालय में पहुंचते ही घायल ने दम तोड़ दिया। इस हृदय विदारक घटना में मृतक अपने पीछे एक पुत्र एवं तीन पुत्रियां छोड़ गए है।

### रातभर बंद था फ्रीज, सुबह ही किया था चालू

यद्यपि फ्रीज में धमाका होने के कारणो का सही सही पता नहीं चल पाया है, परंतु बताया जाता है कि उक्त फ्रीज घर के किचन में ही रखा था। रातभर बंद भी था, जिसे सुबह-सुबह ही चालू किया गया था। फिलहाल उक्त घटना सभी उपभोक्ताओं के लिए एक सीख है कि, घर में रखे सभी इलेक्ट्रानिक सामान जैसे फ्रीज, कूलर, एसी, गीजर आदि का समय-समय पर संबंधित कंपनी आदि के माध्यम से जांच कराते हुए जांच की लिखित रिपोर्ट लेते रहे ताकि इस प्रकार की घटना किसी के साथ ना हो। फिलहाल लोगों ने मृतक के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की है।

# मेडिकल कॉलेज जाने वाले सर्विस रोड से जनता को राहत मिलेगी - डॉ. रमन सिंह

## राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को सांसद संतोष पांडे ने लिखा पत्र



राजनंदगांव (दावा)। पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह लगातार शहर की समस्याओं के लिए सतत् प्रयत्नशील रहते हैं। जैसे ही मेडिकल कॉलेज जाने वाले मार्ग में दुर्घटनाओं की संख्या बड़ी, तुरंत ही डॉ. रमन सिंह ने इस पर संज्ञान लेते हुए समय की मांग को देखते हुए इस विषय पर गंभीरता से प्रयास शुरू कर दिया।

मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार डॉ. रमन सिंह ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर इस विषय पर तत्काल ही स्वीकृति प्रदान करने का निवेदन किया है। पत्र के तहत डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आरके नगर चौक और मेडिकल कॉलेज चौराहा के पास पिछले कुछ वर्षों में सड़क दुर्घटनाओं में बहुत जनहानि हुई है। अभी हाल में ही मेडिकल कॉलेज के पास नेशनल हाईवे में मेडिकल कॉलेज की एक डॉक्टर का भी सड़क दुर्घटना में निधन हो गया। इन घटनाओं को दुखद बताते हुए डॉ. रमन सिंह ने अटल बिहारी वाजपई मेमोरियल मेडिकल कॉलेज पेंड्री से आरके नगर चौक तक के दोनों तरफ सर्विस रोड बनाने की मांग की है।

डॉ. रमन सिंह ने कहा कि शहर अब विस्तारित हो रहा है। शहर के नागपुर दिशा की ओर मेडिकल कॉलेज एवं बर्फानी धाम और अन्य रहवासी कालोनियां तेजी से बढ़ गई है। इस ओर 2 से 3 प्रसिद्ध स्कूल और हजारों बच्चों के लगातार आने-जाने से आवागमन तेजी से बढ़ा है, इसलिए सर्विस रोड बनाने की मांग की गई है। इस मांग के पूरी होने से शहर की जनता को राहत मिलेगी। इस प्रमुख समस्या पर सांसद संतोष पांडे ने भी परियोजना निदेशक, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को पत्र लिखा था और मांग की थी की सर्विस रोड बनाने से मेडिकल कॉलेज जाने वाली जनता को राहत मिलेगी।

# संवेदनशील सरकार पर गलत आरोप से बाज आए कांग्रेसी - राजपूत



**डॉ. रमन ने माफियाओं पर कार्यवाही के दिये सख्त निर्देश**

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा शासन पर लगाए गए आरोप पर पलटवार करते हुए कहा कि प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार संवेदनशीलता के साथ जनता के हित में कार्य कर रही है। कोमल सिंह राजपूत ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को इस मामले पर त्वरित कार्यवाही हेतु शासन को आदेशित करने पर साधुवाद देते हुए कहा कि डॉ. रमन सिंह लगातार विधानसभा की जनता को समस्या से निजात दिलाने प्रयत्नशील रहते है। उन्होंने मोहड़ के ग्रामवासियों को आश्वस्त किया कि पुलिस प्रशासन रेत माफियाओं पर त्वरीत कार्यवाही कर रही है, ग्रामीणों पर किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही इस मामले में पुलिस नहीं करेगी।

श्री राजपूत ने कहा कि मोहड़ स्थित रेत सिंडिकेट पर शासन-प्रशासन पूरी तरह से गंभीर है। इस घटना को संज्ञान में लेते हुए शासन ने तुरंत एक्शन मोड में टीआई को निलंबित करने के साथ-साथ चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। श्री राजपूत ने कहा कि पार्षद संजय रजक जो कि भाजपा से जुड़ा हुआ नहीं था, वह दो बार का सीपीआई का पार्षद है। जिसे भाजपा ने कभी भी प्रवेश नहीं दिया है। उससे भी गिरफ्तार किया जा चुका है। साथ ही खनिज अधिकारी को भी तत्काल सस्पेंड किया जा चुका है और गिरफ्तारियां शेष हैं। जिन पर लगातार पुलिस प्रशासन द्वारा शिकंजा कसा जा रहा है। राजपूत ने कहा कि डॉ. रमन सिंह ने भी अपने प्रवास पर स्पष्ट कहा था कि मोहड़ बस्ती वालों पर फायरिंग करने वालों को कड़ी से कड़ी सजा मिलेगी। इसके बाद मध्यप्रदेश के ग्वालियर से आरोपी को पकड़ कर गिरफ्तार किया जा चुका है। साथ ही लगातार इस मामले से जुड़े हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया जा रहा है।

### भाजपा संगठन मोहड़ के ग्रामीणों के साथ खड़ी

श्री राजपूत ने कहा कि आज भाजपा संगठन मोहड़ की जनता के साथ खड़ी है। उन्होंने जनता को आश्वस्त किया की गोली चलाने वालों को बक्सा नहीं जाएगा और लगातार प्रशासन पर कठोर कार्यवाही का दबाव बनाकर अन्य आरोपियों की खोज खबर ली जा रही है। ग्रामीणों पर किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही इस मामले में पुलिस नहीं करेगी।

### कांग्रेसी अपने गिरेबां में झांके

उन्होंने कहा कि पहले कांग्रेस अपने गिरेबा में झांके, कांग्रेस अध्यक्ष वस्तु स्थिति से अवगत हो, फिर कोई बयानबाजी करें। राजपूत ने कहा कि पूर्व की कांग्रेस सरकार में बांध बनाकर शहर में पानी आने से इसलिए रोका ताकि रेत का उत्खलन किया जा सके।

### रेत से तेल निकालने वाले कांग्रेसी विधायक कर रहे जांच

श्री राजपूत ने कहा कि विधायकों के साथ इस मामले की जांच करने गए कांग्रेसी विधायकों पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करते हुए कहा कि रेत से तेल निकालने वाले विधायक जो अपने कार्यकाल में लगातार रेत मामलों में सक्रिय रहे, वह आज इस मामले की जांच करने निकले। श्री राजपूत ने कहा कि अपने कार्यकाल में कांग्रेसी पुराने इतिहास को देखें की रेत निकालने के नशे में इतने चूर हो गए कि कांग्रेसियों ने एक व्यक्ति की लाश तक को नहीं छोड़ा था और लालबाग में रेत के साथ लाश का भी परिवहन कर दिया था। शहर की जनता उस मामले को भूली नहीं है। आज वही कांग्रेसी भाजपा की संवेदनशील सरकार पर प्रश्नचिन्ह खड़ा कर रहे हैं।

# शुक्ला हास्पीटल में लापरवाही पूर्ण इलाज से अधेड़ की गई जान

**0 परिजनों ने किया जमकर हंगामा, चक्काजाम के लिए रहे उद्यत**

**0 पुलिस ने संभाली स्थिति, हास्पीटल प्रबंधन से 50 लाख मुआवजे की मांग**



राजनांदगांव (दावा)। शहर के बसंतपुर रोड स्थित शुक्ला मल्टीपल हास्पीटल में डॉक्टरों की लापरवाही से एक अधेड़ की जान चली गई। इससे गुस्साए परिजनों ने हास्पीटल में खूब हंगामा किया। इससे वहां खूब हो-हल्ला की स्थिति बनी रही। आलम यह रहा कि मृतक के बौखलाए हुए परिजन हास्पीटल के सामने मृतक के शव को रखकर बसंतपुर रोड में चक्काजाम के लिए उद्यत हो गए। जानकारी मिलते ही सीएसपी पुष्पेन्द्र नायक व बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू मौके पर पहुंचकर स्थित संभाली और परिजनों को शांत किया।

### लगातार ब्लड रिसाव से हुई युवक की मौत

बतादे कि रामनगर वार्ड नं. 7 निवासी अधेड़ संतोष सिन्हा पिता गनेश सिन्हा उम्र 50 वर्ष की मौत से बौखलाए उनके मामा कोदूलाल सिन्हा, पड़ोसी मामा चंद्रिका प्रसाद सिन्हा, सुनील सिन्हा व वार्ड पार्षद सहित अन्य परिजन अस्पताल प्रबंधन के प्रति काफी कड़ा रुख अपनाए हुए थे। कहा जा रहा था कि उनका भांजा संतोष बाईक चलाते शुक्ला हास्पीटल में अपने पथरी का इलाज कराने आया हुआ था, लेकिन अस्पताल वाले ने एक 12 एमएम पथरी के इलाज के लिए उसकी आपरेशन कर दिया। यहां तक तो ठीक था, लेकिन आपरेशन के बाद उसके भांजे का खून बहना बंद नहीं हुआ। लगातार खून बहता जा रहा था। घर वालों ने इस संबंध में संबंधित डाक्टर का ध्यान आकर्षित किया, लेकिन वे खून रोकने में असफल रहे। नतीजा यह रहा कि मरीज को रायपुर के रामकृष्ण हास्पीटल रिफर कर दिया गया। वहां मरीज को आईसीयू में डाल दिए जाने व वक्त पर सही ईलाज नहीं मिल पाने से उसके भांजे ने वहां दम तोड़ दिया। शुक्ला हास्पीटल की इस लापरवाही पूर्ण इलाज से भड़के हुए मृतक के परिजनों ने हास्पीटल पहुंचकर काफी हंगामा किया। जिससे बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए।

### अस्पताल प्रबंधन ने दिया 10 लाख रुपए मुआवजा

परिजनों द्वारा मृतक युवक के मौत की जिम्मेदार डाक्टरों को बुलाएं जाने पर एक भी डॉक्टर सामने नहीं आए। इससे परिजन और भी बौखलाए हुए थे। जबकि सीएमएचओ व सीएसपी तथा बसंतपुर टीआई मौके पर पहुंच गए। सीएमएचओ डॉ. एन.आर. नवरतन व पुलिस वालों द्वारा मृतक के परिजनों को समझाने-बुझाने की कोशिश की गई। इस पर परिजनों ने मृतक युवक के छोटे-छोटे बच्चे व उसकी बीमार मां का हवाला देते हुए हास्पीटल प्रबंधन से 50 लाख रुपए मुआवजे की मांग की गई। इस पर हास्पीटल प्रबंधन व अधिकारियों की मध्यस्थता के चलते बड़ी मुश्किल से 10 लाख रुपए मुआवजा प्राप्त करने के लिए परिजन राजी हुए। अस्पताल प्रबंधन द्वारा मृतक के परिजनों को 2 लाख रुपए नकद व 8 लाख रुपए की चेक दिए जाने की बात सामने आई है।

# राजस्व विभाग की समीक्षा में महापौर ने स्वविवरणी की जांच कर डिमाण्ड दुरूस्त कर वसूली के दिए निर्देश

**मोबाईल टॉवर, होडिंग्स व नए निर्माण से संपत्तिकर वसूले - मधुसूदन यादव**



राजनांदगांव (दावा)। इस वित्तीय वर्ष में सत प्रतिशत राजस्व वसूली के लिए सुनियोजित अभियान चलाकर राजस्व वसूली करना है। वसूली के लिए सर्वप्रथम करदाताओं के द्वारा जो विवरणी भरा गया है। उसकी जांच करे और उसके आधार पर संपत्तिकर वसूली करें। आज निगम सभागृह में आयोजित राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में महापौर मधूसूदन यादव ने वार्ड मोहर्रिरो से कहा। उन्होंने आगे कहा कि शहर में कई नए मकान, दुकान, भवन आदि का निर्माण हो रहा है। जिसकी संबंधित वार्ड प्रभारी जांच करे और संबंधित से विवरणी भरा वसूली करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शहर में कई मोबाईल टॉवर, स्थापित है। इसी प्रकार होर्डिंग्स भी लगे हुए है, उन्हें भी नोटिस जारी कर उनसे सम्पत्तिकर वसूलना सुनिश्चित करें। सभी सहायक राजस्व निरीक्षक अपने-अपने प्रभारित वार्ड के सभी मकान, भवन तथा रिक्त भूमि का सर्वे कर उसकी नंबरिंग कर सूची तैयार करें, जिससे सही कर की वसूली होगी। हमारा सम्पत्तिकर शहर में निर्माण के हिसाब से कम है, जिसे आप सबको दुरूस्त कर उसके अनुसार वसूली करना है, तभी हम शासन लक्ष्य के अनुरूप वसूली कर सकते है।

महापौर श्री यादव ने कहा कि भवन नजूल शाखा से भवन अनुज्ञा के लिए आए प्रकरणों की जानकारी लेवे, इससे नए मकान व भवन की जानकारी मिल जाएगी। इसी प्रकार नल कनेक्शन लेने आए आवेदन जल विभाग से लेकर उसके अनुसार जलकर वसूली करें। उन्होंने कहा कि शहर के सभी कालोनियों में जाकर डिमाण्ड दुरूस्त करें, रिक्त भूमि की जॉच कर जानकारी लेकर डिमाण्ड में जोड़े, इसके अलावा शासकीय आवासों व भवनों आदि से भी समेकितकर व जलकर वसूली करें। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी ईमानदारी से काम करें, आप लोगों की वसूली से आप लोगों को ही वेतन मिलता है। आप सब यह ठानकर कार्य करें कि मेरे अलावा मेरे साथी को भी वेतन मिले इसके लिए मुझे अपने वार्ड से सत प्रतिशत राजस्व वसूली करना है। प्रतिदिन घर-घर जाकर वसूली करें तथा कार्यालयीन अवधि में दोपहर में राजस्व कार्यालय में बैठे, जिससे आपके वार्ड का करदाता कार्यालय में आकर अपने करों का भुगतान कर सकें।

आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने वार्डवार वसूली की जानकारी लेकर कहा कि पिछले वित्तीय वर्ष की बकाया राशि के अलावा नये वित्तीय वर्ष में नये निर्धारण के हिसाब से कर वसूली करना है। जिन करदाताओं के द्वारा स्व विवरणी भरा गया है उसे डिमाण्ड से मिलाकर अंतर को डिमाण्ड में इंद्राज करें और उसके अनुसार वसूली करें। उन्होंने कहा कि शासन निर्देशानुसार वार्डवार डिमाण्ड की एंट्री की जा रही है, जिसे जल्द पूर्ण करें। बडे बकायादार जिन्होंने अपने करों का भुगतान नहीं किया है उन्हें अभी से नोटिस देवें। सभी लोग अपने-अपने वार्ड की बकाया वसूली पहले करें और इस वर्ष की वसूली में भी तेजी लावे। उन्होंने कहा कि अब तक 20 से 25 प्रतिशत की वसूली होनी चाहिए तभी हम वित्तीय वर्ष की समाप्ति तक लक्ष्य के अनुरूप वसूली कर सकते है। कई करदाता के द्वारा राजस्व वसूली करने नही आने की शिकायत प्राप्त होती है। अतः सभी वार्ड प्रभारी अपने-अपने प्रभारित वार्ड में सभी करदाता के पास जाकर वसूली करना सुनिश्चित करें।

राजस्व विभाग के प्रभारी सदस्य राजा माखीजा ने कहा कि सभी वसूलीकर्ता वसूली बढ़ावे, क्योंकि आप सब नगर निगम की रीड की हड्डी है। आपके वसूली से ही निगम में वेतन के अलावा अन्य भुगतान किया जाता है। सभी कर्मचारी नए डिमाण्ड के अनुसार राजस्व वसूली करें। किसी भी प्रकार की परेशानी से हम सबको अवगत करावे। बैठक में निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, उपायुक्त मोबिन अली सहित राजस्व निरीक्षक हितेश ठाकुर, सभी राजस्व उप निरीक्षक एवं सहायक राजस्व निरीक्षक उपस्थित थे।






# प्रभारी सीईओ आलोक कुमार सातपुते निमोरा स्थानांतरित



**शासन ने लगातार की जा रही शिकायत को संज्ञान में लिया**

डोंगरगढ़ (दावा)। अधिकारी कर्मचारी से लेकर पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा लगातार की जा रही शिकायत को संज्ञान में लेकर प्रदेश शासन ने हाल ही में जनपद पंचायत के प्रभारी सीईओ का दायित्व संभालने वाले सीईओ आलोक कुमार सातपुते का स्थानांतरण निमोरा कर दिया गया।

छत्तीसगढ़ शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अपर सचिव द्वारा दिनांक 17 जून को निकाले गए आदेश में कहा गया है कि, राज्य शासन एतद् द्वारा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत पदस्थ आलोक कुमार सातपुते, (मूल पद विकास विस्तार अधिकारी) प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, डोंगरगढ़ को स्थानांतरित कर उन्हें ठाकुर प्यारेलाल राज्य पंचायत एवं विकास संस्थान, निमोरा, जिला-रायपुर में आगामी आदेश पर्यन्त, अस्थाई रूप से पदस्थ किया जाता है। उक्त आदेश छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम के आदेशानुसार जारी किया गया।


**आवश्यकता है**

प्रेस में रात्रिकालीन चौकीदार की आवश्यकता है।
*अनुभवी व्यक्ति ही संपर्क करें।*

-: संपर्क :-
दैनिक दावा कार्यालय
बल्देव बाग, राजनांदगांव
मो.- 93004-14726


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com